दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471
अमन लेखनी




लाख रूपए से ज्यादा की होती है .........
31 दिसम्बर की पार्टी के लिए .......

वर्ष : 12 | अंक : 04 | लखनऊ, 26 दिसम्बर, शुक्रवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए



प्रधानमंत्री ने विपक्ष को लिया आड़े हाथ

# सपा-कांग्रेस ने आंबेडकर समेत कई विभूतियों का अपमान किया, हमने हर विचारधारा के नेताओं को दिया 'मान'

हमारी सरकार ने कांग्रेस नेता रहे और पूर्व राष्ट्रपति मुखर्जी और मुलायम को भारत रत्न दिया

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 65 फीट ऊंची कांस्य प्रतिमाएं लगीं प्रेरणा स्थल में | 65 एकड़ में फैला राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल | 230 करोड़ की लागत से बनाया गया | 03 महान विभूतियों को दिया स्थान | 98 हजार वर्ग फीट में फैला अत्याधुनिक संग्रहालय |

## पीएम ने लखनऊ में भारत रत्न वाजपेयी की 101वीं जयंती पर राष्ट्र प्रेरणा स्थल का बटन दबाकर किया लोकार्पण

**2 हजार बसों से 1.5 लाख लोगों का लगा जमघट**

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / लखनऊ,

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लखनऊ में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्र प्रेरणा स्थल का बटन दबाकर लोकार्पण किया। पीएम ने कहा कि 25 दिसंबर का यह दिन देश की दो महान विभूतियों के जन्म का अद्भुत सुयोग लेकर भी आता है। उन्होंने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीन दयाल उपाध्याय की विशाल कांस्य प्रतिमाओं का भी अनावरण किया।

हमारी सरकार ने कांग्रेस नेता रहे और पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी को भारत रत्न देकर सम्मानित किया। मुलायम सिंह यादव को सम्मानित किया। हमने सभी को सम्मान दिया है। इस आयोजन में 2 लाख से अधिक लोगों के शामिल हुए। आयोजन में आसपास के कई जिलों से करीब 2000 बसें आईं। इन महापुरुषों ने भारत की अस्मिता, एकता और गौरव की रक्षा की और राष्ट्र निर्माण में अपनी अमिट छाप छोड़ी। समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### एक देश में 2 संविधान नहीं चलेंगे

पीएम मोदी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कहा था कि देश में दो विधान दो संविधान नहीं चलेंगे। मुझे खुशी है कि भाजपा सरकार को जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाने का सौभाग्य मिला और डॉ. मुखर्जी का सपना साकार हुआ। इसे कांग्रेस समेत सारा विपक्ष अपना हथियार मानता था। हमारी सरकार ने एक देश एक संविधान के सपने को साकार किया।



डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी

### करोड़ों भारतीयों ने गरीबी को हराया

प्रधानमंत्री मोदी ने जनसंघ नेता दीनदयाल उपाध्याय के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने एकात्म मानववाद का सिद्धांत दिया। आज देश के करोड़ों नागरिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। यही तो सच्चा सेकुलरिज्म है। देश के हर नागरिक को सम्मान मिल रहा है। बीते एक दशक में करोड़ों भारतीयों ने गरीबी को हराया है।



पं. दीनदयाल उपाध्याय

### अटल जी ने सुशासन को सही मायने में जमीन पर उतारा

पीएम मोदी ने कहा कि अटल जी ने सही मायने में सुशासन को जमीन पर उतारा। अटल जी की सरकार में ही गांव-गांव तक सड़कें पहुंचाने का काम शुरू हुआ था। देश के गांवों में 8 लाख किलोमीटर सड़कों का निर्माण हुआ। अटलजी ने अपना संपूर्ण जीवन सुशासन और राष्ट्र निर्माण को समर्पित कर दिया और उनका व्यक्तित्व, कृतित्व व नेतृत्व देश के चहुंमुखी विकास के लिए सदैव पथ-प्रदर्शक बना रहेगा। वे प्रखर वक्ता होने के साथ-साथ ओजस्वी कवि के रूप में भी सदैव स्मरणीय रहेंगे। उनका व्यक्तित्व, कृतित्व और नेतृत्व देश के चहुंमुखी विकास के लिए पथ-प्रदर्शक बना रहेगा।



अटल बिहारी वाजपेयी

**मौसम**

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 29.c

**बाजार**


सोना 7,177/ g
चांदी 96/ g

सेंसेक्स 82,530.74
निफ्टी 25,062.10

**खबर संक्षेप**

### अंधेरी में 23 मंजिला इमारत में लगी भीषण आग

मुंबई। यहां के अंधेरी वेस्ट इलाके में 23 मंजिला सोरेंटो टावर में गुरुवार सुबह भीषण आग लग गई।



वीरा देसाई रोड स्थित इस इमारत में आग से इलाके में हड़कंप मच गया। दमकल विभाग की मुस्तैदी के चलते 40 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। राहत की बात है कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

### इंडिगो की खराब मौसम के चलते 67 उड़ानें रद्द

नई दिल्ली। देश की प्रमुख घरेलू एयरलाइन इंडिगो ने गुरुवार को मौसम और कुछ ऑपरेशन कारणों से 67 उड़ानें रद्द कर दीं।



एयरलाइन की वेबसाइट के अनुसार इनमें से केवल 4उड़ानें ऑपरेशन कारणों से रद्द की गईं, जबकि बाकी खराब मौसम की भविष्यवाणी के कारण रद्द हुईं। प्रभावित हवाईअड्डों में अगरतला, चंडीगढ़, देहरादून हैं।

### आप नेता भारद्वाज, झा आदिल पर एफआईआर

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने आम आदमी पार्टी के नेताओं सौरभ भारद्वाज, संजीव झा और आदिल



अहमद खान के खिलाफ धार्मिक भावनाएं आहत करने के आरोप में मामला दर्ज किया है

केंद्र सरकार की ओर से प्रारंभ की जा रही हैं वृहद स्तर पर प्रयोगशालाएं

# विंध्य के किसानों के लिए बनेगा मार्गदर्शक बसामन मामा प्राकृतिक खेती प्रकल्पः शाह

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि बसामन मामा प्राकृतिक खेती प्रकल्प विंध्य के किसानों के लिए मार्गदर्शक बनेगा। रीवा में बसावन मामा गोवंश वन्य विहार के रूप में अनुकरणीय प्रकल्प तैयार किया गया है। यहां गोबर से बने खाद से प्राकृतिक खेती की जा रही है। एक एकड़ में सवा लाख रुपए की आय देने का यह प्रयोग छोटे किसानों को बड़ा लाभ प्रदान करेगा। किसान इस मॉडल को अपनाएंगे तो उनकी आय बढ़ेगी।

राज्य सरकार प्रगतिशील किसानों को इस परंपरागत मॉडल से अवगत कराने के लिए उनका भ्रमण कराए। शाह रीवा में बसामन मामा गो वन्य विहार अभयारण्य में प्राकृतिक खेती के प्रकल्प का शुभारंभ कर कृषक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि केन्द्रीय सहकारिता एवं गृह मंत्री शाह के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश के किसानों की आय को बढ़ाने के लिए राज्य सरकार द्वारा समन्वित तरीके से सतत समग्र प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दूध के उत्पादन को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक किया जाएगा। शाह और डॉ. यादव ने हितग्राहियों को हितलाभ एवं संकल्प पत्रों को वितरण किया।

## शाह के मार्गदर्शन में सहकारिता से किसानों की बढ़ा रहे हैं आय

**शाह और डॉ. यादव ने रीवा में कृषक सम्मेलन को किया संबोधित**



केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रीवा सेमरिया में कृषक सम्मेलन को संबोधित किया।

### पीपल के पौधे रोपित करने का संकल्प लें: केंद्रीय गृह मंत्री

केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि प्रकृति की अनेक प्रकार से सेवा हो सकती है। हमें बसावन मामा की स्मृति में पीपल के पौधे रोपित करने का संकल्प लेना चाहिए। दुनिया से चले जाने के बाद भी यह पीपल वृक्ष लोगों को ऑक्सीजन देता रहेगा। पीपल का वृक्ष लगाना पुण्य कार्य है, जिसमें स्वयं भगवान विष्णु का वास होता है। उन्होंने कहा कि दुनियाभर में प्राकृतिक खेती का बड़ा बाजार है। आर्गेनिक अनाज खाने से स्वास्थ्य अच्छा रहता है। भूमि परीक्षण से सर्टिफिकेशन, उपज का परीक्षण, बेहतर पैकेजिंग और मार्केटिंग किसानों को उपज का बेहतर मूल्य दिलाएंगी। हम किसानों की आय को बढ़ाने के लिए समुचित प्रयास प्राथमिकता से कर रहे हैं।

## रासायनिक खाद और बढ़ते कीटनाशकों के प्रयोग पर चिंता, प्राकृतिक खेती के लिए किया प्रेरित

केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि एक देशी गाय से 21 एकड़ रकबे में प्राकृतिक खेती होती है। किसान ही अन्नदाता है। अन्नदाता को प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित करने के साथ ही प्रोत्साहित करने के



समग्र प्रयास हम सबको समन्वित तरीके से करना है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अनाज के उत्पादन में रासायनिक खाद और कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग के कारण कई तरह की बीमारियां बढ़ रही हैं। इससे बचाव के लिए जरूरी है कि हम सभी प्राकृतिक के संवर्धन में अपना योगदान दें। मैंने स्वयं अपने खेतों में प्राकृतिक खेती को अपनाया है।

### प्राकृतिक खेती के लिए सहभागिता करने का आह्वान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कृषकों से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए बढ़-चढ़कर सहभागिता करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि बसावन मामा गोवंश वन्य विहार के भ्रमण के दौरान केंद्रीय मंत्री शाह द्वारा 35 साल पहले गुजरात में जैविक खेती संवर्धन के लिए जानकारी मिली। राज्य सरकार इसे आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं रखेगी। केंद्रीय मंत्री शाह के मार्गदर्शन में सहकारिता से किसानों की आय बढ़ाई जा रही है।

### 9 हजार से अधिक गोमाताओं ने शाह को बुलाया

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने कहा कि गोशाला की 9 हजार से अधिक गोमाताओं ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह को बुलाया है। गाय में 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास होता है। गोमाता के गोबर से खाद बनाकर प्राकृतिक खेती की जा सकती है। जब धरती



माता और नागरिक स्वस्थ होंगे, तभी भारत आत्मनिर्भर और समृद्ध होगा। वरिष्ठ विधायक एवं प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की जयंती पर रीवा में कृषक और सहकारिता सम्मेलन का आयोजन स्व वाजपेयी के रीवा के प्रति लगाव के लिये सच्ची श्रद्धांजलि है।

एएमयू के परिसर में सनसनीखेज वारदात

# शिक्षक दानिश को बदमाशों ने गोलियों से भून डाला

अमन लेखनी समाचार/ अलीगढ़

उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में स्थित प्रतिष्ठित अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) के



परिसर में बुधवार देर रात एक सनसनीखेज वारदात हुई। एबीके यूनियन हाई स्कूल (एबीके बॉयज स्कूल) में कंप्यूटर विज्ञान के शिक्षक राव दानिश अली (45) की नकाबपोश बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना लाइब्रेरी के पास स्थित कैंटीन क्षेत्र में उस समय हुई, जब दानिश अली अपने दो साथियों के साथ रोजाना की तरह शाम की सैर पर थे। दो हमलावर स्कूटी पर सवार होकर आए थे। राव दानिश अली 2015 से इसी स्कूल में पढ़ाते थे। वे एएमयू के पूर्व छात्र रह चुके थे और परिवार का गहरा नाता यूनिवर्सिटी से था।

### बुधवार रात करीब 8:45 बजे हत्या की

सीओ तृतीय सर्वम सिंह के अनुसार घटना रात करीब 8:45 बजे हुई और राव दानिश अली मूल रूप से डिबाई क्षेत्र (बुलंदशहर) के रहने वाले थे। उनका परिवार कई दशक से अमीर निशा मक्खन वाली कोठी के पास रहता है। उनकी मां एएमयू में शिक्षक और पिता एएमयू में कर्मचारी रहे हैं। एएमयू में ही पढ़ाई के बाद खुद राव दानिश अली को भी एबीके बॉयज स्कूल में कंप्यूटर शिक्षक की नौकरी मिल गई थी।

1 से 2 पैसा प्रति किमी की वृद्धि की

# भारतीय रेलवे ने आज से लागू की नई किराया दरें

नई दिल्ली

भारतीय रेलवे ने किराया संरचना में संशोधन करते हुए शुक्रवार से नई दरें लागू कर दी हैं। रेलवे ने स्पष्ट किया है कि उपनगरीय सेवाओं (लोकल ट्रेन), सीजन टिकटों और 215 किमी तक की द्वितीय श्रेणी (साधारण) की यात्रा के किराए में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। आरक्षण शुल्क और सुपरफास्ट चार्ज में कोई बदलाव नहीं किया गया है। स्लीपर और प्रथम श्रेणी (साधारण) में केवल 1 पैसा प्रति किमी और मेल व एक्सप्रेस ट्रेन की सभी श्रेणियों में 2 पैसे प्रति किमी वृद्धि की है।

गठबंधन करते उद्धव और राज को लगा बड़ा झटका

# महासचिव दिनकर सहित शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस के कई नेता भाजपा में शामिल

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

गुरुवार को नासिक जिले में राज ठाकरे की एमएनएस और उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) को बड़ा झटका



लगा है। दोनों दलों के कई नेता भाजपा में शामिल हो गए। इनमें एमएनएस के पूर्व विधायक नितिन भोसले, शिवसेना (यूबीटी) के पूर्व मेयर विनायक पांडे, एमएनएस के पहले मेयर यतिन वाघ, कांग्रेस नेता शाहू खैरे और संजय चव्हाण है। इसमें मनसे के प्रदेश महासचिव दिनकर पाटिल का भी नाम है।

### भाजपा की विचारधारा में जताया विश्वास

**निरुपम ने गठबंधन पर बोला हमला**

### खान-पठान के साथ आए, मुंबई में खतरा

उद्धव और राज ने बीएमसी चुनाव एक साथ लड़ने का ऐलान किया है। शिंदे गुट के नेता संजय निरुपम ने उद्धव और राज के गठबंधन पर हमला बोला है। सीएम फडणवीस का समर्थन करते हुए आरोप लगाया कि ठाकरे परिवार की राजनीति अब 'जिहादी मानसिकता' के इर्द-गिर्द है।

### राहुल ने की कर्नाटक सरकार की तारीफ वैष्णव ने सराहा

नई दिल्ली। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने सोशल



मीडिया पर कर्नाटक सरकार की तारीफ की। बेंगलुरु स्थित फॉक्सकॉन के वूमेन लेड आईफोन यूनिट में रिकॉर्ड भर्ती का उल्लेख किया, जिसमें लोगों को नौकरी मिली। राहुल की पोस्ट को लेकर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक्स पर थैंक यू लिखा है।

## ट्रिनिटी चर्च में क्रिसमस पर प्रार्थना



नई दिल्ली। गुरुवार को नई दिल्ली के तुर्कमान गेट स्थित होली ट्रिनिटी चर्च में क्रिसमस की सुबह की प्रार्थना सभा के दौरान ईसाई श्रद्धालु प्रार्थना करने के लिए जमा हुए।

## संक्षेप

### बंथरा थाना क्षेत्र में सड़क हादसा, युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र के शिवपुरा अंबेडकर नगर में अज्ञात वाहन की टक्कर से 25 वर्षीय युवक गोविंद की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर एंबुलेंस के माध्यम से पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, हादसे को अंजाम देने वाला वाहन मौके से फरार हो गया है। अज्ञात वाहन की तलाश जारी है और मामले की जांच की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है ताकि वाहन और चालक की पहचान की जा सके।

### जनपद कासगंज के थाना सुन्नगढी क्षेत्र में भरे पानी में उतराता मिला अज्ञात का शव

अमन लेखनी समाचार

जनपद कासगंज के थाना सुन्नगढी क्षेत्र में स्थित नगला ढाव गांव में गुरुवार सुबह को एक सनसनी खेज मामला सामने आया, नगला ढाव में टूटी पुलिया में भरे पानी के भीतर अज्ञात युवक का सब उतराता हुआ देखा गया। घटना की सूचना मिलते ही राहगीरों ने तत्काल 112 पुलिस सेवा को अवगत कराया। सूचना मिलते ही 112 पुलिस मौके पर पहुंची और थाना पुलिस को जानकारी दी। इसके बाद सुनगढ़ी थाना प्रभारी उमाशंकर पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को पानी से निकलवा कर जांच पड़ताल शुरू दी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए हैं। थाना प्रभारी उमाशंकर ने बताया की घटनास्थल के पास पुलिया से कुछ दूरी पर एक क्वार्टर और एक गिलास बरामद हुआ है इसके अलावा तलाश के दौरान टूटी पुलिया में भरे पानी से एक साइकिल भी बरामद की गई है, जिससे आशंका जताई जा रही है कि मृतक साइकिल से जा रहा था और हादसे का शिकार हो गया। पुलिस ने आशंका जताई है कि युवक शराब के नशे में संतुलन बिगड़ने के कारण टूटी पुलिया में गिर गया होगा। हालांकि पुलिस ने स्पष्ट किया है कि मामले की जांच सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर की जा रही है।

# भाजपा के जनप्रतिनिधियों को नकारात्मक नैरेटिव से बचना चाहिए : पंकज चौधरी

**भाजपा एवं उसके कार्यकर्ता वर्ग विशेष को लेकर राजनीति में नहीं करते हैं विश्वास**

**प्रदेश अध्यक्ष ने कठोर कार्रवाई की दी चेतावनी**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने भाजपा जनप्रतिनिधियों को स्पष्ट रूप से आगाह किया है कि, वे किसी तरह की नकारात्मक राजनीति का शिकार न बनें। मीडिया में कथित रूप से प्रसारित भाजपा जनप्रतिनिधियों के संबंध में एक समाचार को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा है कि, इस तरह का कोई भी कृत्य भाजपा के संविधान एवं आदर्शो के अनुरूप नहीं माना जाना चाहिये। भारतीय जनता पार्टी सिद्धांतों और आदर्शों पर आधारित राजनीतिक दल है। भाजपा और उसके कार्यकर्ता परिवार या वर्ग विशेष को लेकर राजनीति करने में विश्वास नहीं करते हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि, मीडिया में प्रसारित एक कथित समाचार के अनुसार पिछले दिनों विधानसभा सत्र के दौरान कुछ जनप्रतिनिधियों द्वारा विशेष भोज का आयोजन किया गया था जिसमें अपने समाज को लेकर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि, हमनें जनप्रतिनिधियों के साथ सतर्कता के साथ बातचीत की है। उनसे इस संबध में वार्ता हुई है सभी को स्पष्ट कहा गया है कि, ऐसी कोई भी गतिविधि भाजपा की संवैधानिक परंपराओं के अनुकूल नहीं है। जनप्रतिनिधियों से भविष्य में ऐसी गतिविधियों के लिए सतर्कता बरतने को कहा है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि, पार्टी ने ऐसे सभी जनप्रतिनिधियों से कहा है कि, इस तरह गतिविधियों से समाज में गलत संदेश प्रचारित होता है। भविष्य में अगर भाजपा के किसी जनप्रतिनिधि द्वारा इस तरह की गतिविधियों को दोहराया गया, तब ऐसी स्थिति में पार्टी के संविधान के अनुरूप अनुशासन हीनता माना जाएगा। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा है कि, भाजपा विविधितापूर्ण लोकतंत्र में अपनी सर्वव्यापी पहचान आधारित राजनीति को आगे बढ़ा रही है। परिवार की राजनीति के पारंपरिक दिग्गजों के लिए जरूरी है कि वे बदलते राजनैतिक परिदृश्य में अपनी प्रासंगिकता बनाए रखने और विकासवादी आंकाक्षाओं के अनुरूप स्वयं को नए सिरे से परिभाषित करें और अपनी विचारधाराओं को पुनर्संरचित करें। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा व्यापक रूप से प्रतिरूपित विकासवादी राजनीति और राष्ट्रवाद के सामने प्रदेश के अंदर विपक्ष की जाति आधारित राजनीति का अंत हो रहा है। प्रदेश में भाजपा सामाजिक न्याय, सर्वस्पर्शी एवं सर्वव्यापी राजनीति को स्थापित कर चुकी है। विकास आदर्शो पर आधारित इस मॉडल ने उत्तर प्रदेश में जाति की राजनीति करने वाले उत्तराधिकारियों को पराजित कर दिया है। प्रदेश में लगातार बदल रहे राजनीतिक परिदृश्य में जाति पहचान के आधार पर राजनीति करने वाले सपा, बसपा और कांग्रेस जैसी पार्टियों का भविष्य अन्धकारमय है। इसके कारण ऐसे दल भाजपा के खिलाफ अंधेरे में तीर छोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे जनप्रतिनिधि भाजपा की मयार्दा व अनुशासन में कार्य करते है। भाजपा के जनप्रतिनिधियों का ऐसे नकारात्मक नैरेटिव से बचना चाहिए। भाजपा ने अपने सशक्त नेतृत्व के साथ राजनैतिक सहमति को व्यापक रूप दिया है।

# गोसाईगंज पुलिस की बड़ी कार्रवाई, अवैध खनन में लगी 3 जेसीबी व 7 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां सीज



अमन लेखनी समाचार

गोसाईगंज। थाना गोसाईगंज क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। बृहस्पतिवार को मोहम्मदपुर गढ़ी गांव में मिट्टी के अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त तीन जेसीबी मशीनों और सात ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को मौके से जब्त कर सीज किया गया।

पुलिस को मुखबिर के माध्यम से मोहम्मदपुर गढ़ी गांव में अवैध खनन की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना के आधार पर गोसाईगंज पुलिस ने तत्काल खनन अधिकारी को अवगत कराते हुए संयुक्त रूप से मौके पर पहुंचकर जांच की।

जांच के दौरान पाया गया कि तीन जेसीबी मशीनों द्वारा अवैध रूप से मिट्टी की खुदाई की जा रही थी, जिसे ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के माध्यम से परिवहन किया जा रहा था। जब संबंधित चालकों से खनन एवं परिवहन से जुड़े वैध दस्तावेज मांगे गए, तो वे कोई भी अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सके।

इस पर खनन अधिकारी द्वारा उत्तर प्रदेश उप-खनिज परिहार नियमावली, 2021 की धारा 58/72 तथा खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 4/21 के अंतर्गत नियमानुसार तीनों जेसीबी मशीनों और सात ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को सीज कर दिया गया।

यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त लखनऊ अमरेन्द्र कुमार सेंगर, पुलिस उपायुक्त दक्षिणी निपुण अग्रवाल, अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिणी रल्लापल्ली वसन्थ कुमार एवं सहायक पुलिस आयुक्त गोसाईगंज ऋषभ यादव के निर्देशन में संपन्न हुई।

कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक गोसाईगंज डी.के. सिंह, खनन अधिकारी अभिषेक कुमार पटेल, चौकी प्रभारी गंगागंज उपनिरीक्षक आशीष बालियान, उपनिरीक्षक प्रभात कुमार शुक्ला, उपनिरीक्षक दिव्यांशु तिवारी तथा हेड कांस्टेबल आदित्य नेगी शामिल रहे।

# डॉ. पी.सी. मिश्रा ओपन टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज

**नेपाल साहित देश के कई खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा**

**पहले लीग मैच में द क्लासिक, और नवीन एकादशी की टीम ने जीत दर्ज की**



अमन लेखनी समाचार

निगोहां। निगोहां के एसएनटी मैदान में 16वां डॉ पीसी मिश्रा ओपन टेनिश बॉल क्रिकेट टूनामेंट का आगाज हुआ। टूनामेंट का शुभारंभ सेंट्रल बार एसोसिएशन के महामंत्री अवनीश दीक्षित (हनी) व मोहनलालगंज चेयरमैन प्रतिनिधि सत्यम पाण्डेय ने फीता काटकर किया शुभारंभ के पहला लीग मैच 12 ओवरों का खेला गया जिसमें द क्लासिक टीम और उतरांवा के बीच खेला गया टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी द क्लासिक की टीम ने 127 रनों के लक्ष्य रखा वही उतरांवा की टीम ने निर्धारित 12 ओवरों में महज 115 रन ही बना पाई और द क्लासिक की टीम न जीत दर्ज करते हुए क्वाटर फाइनल में पहुंची इस मैच में 25 बॉल में 52 रन बनाने और 3 विकेट लेने वाले आदिल को मैंन ऑफ द मैच से नवाजा गया। वहीं दूसरे लीग मैच कल्ली ब्रदर्स और नवीन एकादशी के बीच जिसमें कल्ली ब्रदर्स ने टॉस जीतकर 145 रनों का लक्ष्य रखा वहीं लछ्य का पीछा करने उतरी नवीन एकादशी की टीम ने 11 ओवरों में मैच को जीत लिया।इस मैच में मैन ऑफ द मैच का खिताब आशीष को मिला टूनामेंट के अयोजक अंकुर मिश्रा ने बताया कि टूनामेंट में 16 टीमो ने हिस्सा लिया इस ओपन टूनामेंट में नेपाल सहित देश के कई राज्यों से नामी गिरामी खिलाड़ीयों ने भी हिस्सा लिया है। वहीं शुभारंभ के दिन निगोहां प्रेस क्लब के संरक्षक मुकेश द्विवेदी, अध्यक्ष विमल सिंह व उनकी टीम के साथ आशीष शुक्ला उपाध्यक्ष सेंट्रल बार एसोसिएशन, नरेंद्र शुक्ला संयुक्त मंत्री प्रशासन सेंट्रल बार एसोसिएशन, मोहनलालगंज बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कौशलेंद्र शुक्ला, एडवोकेट केपी सिंह पूर्व अध्यक्ष, निगोहां पूर्व प्रधान अजय सिंह, सुधीर मिश्रा, नवीन मिश्रा, मुकेश शुक्ला, अतुल त्रिवेदी, संजीव शुक्ला, विकास सिंह, पंकज मिश्रा, योगेश बाजपेयी, सर्वेश बाजपेयी, अंकित मिश्रा, विनोद वर्मा,

# महाराजा बिजली पासी की प्रतिमा स्थापना के साथ जयंती उत्सव धूमधाम से मनाया गया

**भव्य भंडारे का हुआ आयोजन**

अमन लेखनी समाचार



गोसाईगंज। क्षेत्र के मदारपुर चौराहे स्थित बाजार मैदान में गुरुवार को 12वीं शताब्दी के वीर शासक महाराजा बिजली पासी की जयंती बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उनकी भव्य प्रतिमा का अनावरण किया गया तथा विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें क्षेत्रीय लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

पासी समाज के लिए गौरव का प्रतीक माने जाने वाले महाराजा बिजली पासी को अवध क्षेत्र का शक्तिशाली शासक माना जाता है। लोक परंपराओं और समाज के इतिहास के अनुसार, वे अवध क्षेत्र के शासक थे और कई किलों का निर्माण कराया था। उनके शासनकाल में अवध का बड़ा भू-भाग उनके अधीन था। पासी समाज उन्हें अस्मिता और स्वाभिमान का प्रतीक मानता है तथा प्रतिवर्ष 25 दिसंबर को उनकी जयंती धूमधाम से मनाता है। लखनऊ में उनके किले पर भी बड़ी संख्या में लोग एकत्र होकर उनके बलिदान को याद करते हैं और पारंपरिक लोक गायन के माध्यम से उनकी वीर गाथाओं का गान करते हैं।

इस वर्ष गोसाईगंज क्षेत्र के मदारपुर चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में पासी समाज के लोग उपस्थित हुए। उन्होंने महाराजा बिजली पासी की नवस्थापित प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में सर्वसमाज के लोग भी शामिल हुए, जिससे सामाजिक सद्भाव का संदेश गया।

कार्यक्रम का संयोजन सुहेलदेव आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश पासी, नीतू रावत जिला पंचायत सदस्य, रविकांत रावत, राम किशोर पूर्व जिला पंचायत सदस्य, गया प्रसाद (पूर्व अध्यापक) कैलाश रावत (पूर्व चेयरमैन), धर्मेश रावत, सूरज, भारत लाल और धीरज रावत ने मिलकर किया। धर्मेश रावत ने बताया कि इस बार समाज के लोगों ने आगे आकर प्रतिमा स्थापना का कार्य पूरा किया, जो क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। नरेंद्र पासवान ने बताया कि मदारपुर चौराहे पर प्रतिमा का अनावरण पासी समाज के इतिहास को जीवंत रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# जिला अधिकारी ने छात्रा को प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित




अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के मलयपुर बक्सर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय की छात्रा द्वारा जिले में आयोजित निबंध प्रतियोगिता लेखन में तृतीय स्थान पाने पर जिलाधिकारी ने छात्रा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बृहस्पतिवार को विकास भवन में आयोजित सम्मान समारोह में जिलाधिकारी गौरांग राठी द्वारा निबंध लेखन प्रतियोगिता, एकल काव्य पाठ और भाषण प्रतियोगिता में सुमेरपुर विकास खण्ड के उच्च प्राथमिक विद्यालय मलयपुर कम्पोजिट की कक्षा 8 की बालिका जूली पाल को निबंध प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। जूही पाल का सम्मान होने पर बी एस ए शैलेष कुमार पाण्डेय ने बालिका, अभिभावक और सहायक शिक्षक आशीष कुमार दीक्षित का उत्साह वर्धन किया।

# कार की टक्कर से बाइक सवार मजदूर की मौत

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। निगोहां के हरवंश खेडा नर्सरी मोड़ के पास एक तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर कार ने एक बाईक सवार मजदूर को टक्कर मारते हुए दूसरी पटरी पर जा गिरी घटना के दौरान लखनऊ रायबरेली हाइवे पर जाम लग गया सूचना पर पहुंची निगोहां पुलिस ने एनएचएआई की एम्बुलेंस की मदद से घायल को ट्रामा भेजा जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही घर मे कोहराम मच गया घटना के बाद फार्च्यूनर सवार हाइवे पर गाड़ी छोड़कर भाग निकला पुलिस ने क्रेन की मदद से घटनाग्रस्त वाहनों को हाइवे से हटाया जिसके बाद जाम से निजात मिल सकी।

निगोहां के टिकरा गांव निवासी मजदूर कुलदीप (25) गुरुवार शाम को वह निगोहां कस्बे से अपनी बाइक से घर जा रहा था जैसे ही वह हरवंश खेडा मोड़ से मुड़ने लगा कि रायबरेली



से लखनऊ की ओर जा रही तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर ने इनकी बाइक को चपेट में लेते हुए डिवाइडर में लगे इंडिकेट बोर्ड को तोड़ते हुए दूसरी पटरी पर जा गिरी घटना में बाइक सवार गंभीर रुप से घायल हो गया घटना के दौरान लखनऊ रायबरेली हाइवे पर जाम लग गया।

सूचना पर पहुंची निगोहां पुलिस ने एनएचएआई की एम्बुलेंस की मदद से घायल को ट्रामा भेजा जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही घर मे कोहराम मच गया घटना के बाद फार्च्यूनर सवार हाइवे पर गाड़ी छोड़कर भाग निकला पुलिस ने क्रेन की मदद से घटनाग्रस्त वाहनों को हाइवे से हटाया जिसके बाद जाम से निजात मिल सकी।

मृतक के पिता रामसजीवन की पहले ही मृत्यु हो चुकी है मृतक की मां माधुरी, व पत्नी ज्योति व 2 साल की बेटी काव्या मृतम 5 भाई थे जिसमें संदीप सुजीत, सुकेश व दुर्गेष है।

# जेल प्रीमियर लीग 2025 का भव्य उद्घाटन

**(लखनऊ जिला कारागार में खिलाड़ियों ने दिखाया जोश, इंडियंस टीम ने सनराइजर्स को दी मात)**



अमन लेखनी समाचार

गोसाईगंज। विगत कई वर्षों की परंपरा को कायम रखते हुए लखनऊ जिला कारागार में इस बार भी जेल प्रीमियर लीग (जे.पी.एल.) 2025 का आयोजन किया गया है। गुरुवार को कारागार परिसर में आयोजित उद्घाटन समारोह में वरिष्ठ अधीक्षक आर.के. जायसवाल ने राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय लेते हुए प्रथम गेंद फेंककर प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया।

उद्घाटन भाषण में जायसवाल ने खिलाड़ियों से संयम और अनुशासन बनाए रखते हुए खेल भावना के साथ भाग लेने की अपील की। उन्होंने सभी आठ टीमों के खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा, रखेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह मानसिक मजबूती भी प्रदान करता है। सभी टीमें पूरे उत्साह के साथ खेलें।

इस वर्ष जेल प्रीमियर लीग में कुल आठ टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिनमें चक्र सं0-01 की इंडियंस टीम, चक्र सं0-3 की सनराइजर्स टीम सहित अन्य शामिल हैं। उद्घाटन मैच इंडियंस और सनराइजर्स के बीच खेला गया, जिसमें इंडियंस टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। कुल 14 मैचों की इस लीग का फाइनल मुकाबला 31 दिसंबर 2025 को खेला जाएगा।

कार्यक्रम में जेलर ऋत्विक प्रियदर्शी, राजेश कुमार, सुनील दत्त मिश्रा, अभय कुमार शुक्ल सहित सभी डिप्टी जेलर और बन्दीरक्षक उपस्थित रहे। जेल प्रशासन द्वारा आयोजित यह लीग कैदियों के बीच खेलकूद की भावना को बढ़ावा देने का एक सराहनीय प्रयास है, जो उन्हें सकारात्मक दिशा प्रदान करता है।

# हिंदू संगठनों ने मंदिर के पास लगी अवैध मांस की दुकान को हटवाया

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। मगरवारा इलाके में हिंदू संगठनों ने गोकुल बाबा शिव मंदिर के पास संचालित एक अवैध मांस की दुकान को हटवा दिया। बजरंग दल के कार्यकताओं ने इस पर कड़ा विरोध जताया था, जिसके बाद शांतिपूर्ण तरीके से यह कार्रवाई की गई। यह दुकान प्राचीन गोकुल बाबा शिव मंदिर के ठीक पास चल रही थी। स्थानीय श्रद्धालुओं और निवासियों द्वारा लंबे समय से इस पर आपत्ति जताई जा रही थी। उनका कहना था कि धार्मिक स्थल के समीप ऐसी दुकान से न केवल धार्मिक भावनाएं आहत हो रही थीं, बल्कि क्षेत्र का माहौल भी प्रभावित हो रहा था। शिकायत मिलने के बाद बजरंग दल सहित अन्य हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता मौके पर एकत्र हुए। बजरंग दल के जिला संयोजक नितिन शुक्ला के नेतृत्व में कार्यकताओं ने दुकान संचालक से बातचीत की और उसे दुकान हटाने के लिए कहा। इस दौरान जिला गौरक्षा प्रमुख विकास सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे। संगठनों ने स्पष्ट किया कि किसी भी धार्मिक स्थल के आसपास मांस की दुकान या ऐसी अन्य गतिविधियां बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। उन्होंने प्रशासन से भी इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की थी। हिंदू संगठनों के बढ़ते दबाव और स्थानीय लोगों के समर्थन के बाद मांस की दुकान को वहां से हटा दिया गया। इस कार्रवाई के दौरान किसी प्रकार का विवाद या तनाव नहीं हुआ। स्थानीय लोगों ने भी इस कदम का समर्थन करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र में शांति और धार्मिक वातावरण बना रहेगा। सूचना मिलने पर सदर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने दोनों पक्षों से बातचीत कर शांति व्यवस्था बनाए रखी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि धार्मिक स्थलों के आसपास नियमों के विपरीत किसी भी प्रकार की दुकान या गतिविधि की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# लायंस क्लब सद्भावना ने दिव्यांग छात्रा को उपलब्ध कराई ट्राई साइकिल

**ट्राई साइकिल पाकर दिव्यांग छात्रा ने लायंस क्लब कासगंज सद्भावना को कहा धन्यवाद**

अमन लेखनी समाचार

कासगंज। लायंस क्लब कासगंज सद्भावना के अध्यक्ष ला दीपक मेहरा द्वारा श्रीमती द्रौपदी देवी जाजू सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज की मेधावी दिव्यांग छात्रा को ट्राई साइकिल भेंट की गई। जानकारी देते हुए लायन डॉ जयंत गुप्ता ने बताया कि दिनांक 31 अक्टूबर 2025 को क्लब के इंस्टॉलेशन सेरेमनी में जनपद की 12 मेधावी निर्धन छात्राओं को क्लब के सौजन्य से राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता चौहान द्वारा साइकिल वितरण का कार्यक्रम किया गया था। कुछ समय पूर्व राज्य महिला आयोग की सदस्य रेनू गौड़ ने श्रीमती द्रौपदी देवी जाजू सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया था। इस दौरान मेधावी दिव्यांग छात्रा रागनी ने ट्राई साइकिल हेतु अनुरोध किया था। संज्ञान में आते ही क्लब के अध्यक्ष दीपक मेहरा ने इस छात्रा को यह ट्राई साइकिल भेंट की। ट्राई साइकिल पाकर छात्रा बेहद खुश नजर आई। विद्यालय की प्रधानाचार्य सोमवती शर्मा ने क्लब का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर क्लब के संरक्षक ला. राकेश चोला, अध्यक्ष ला. दीपक मेहरा, ला. रविकांत सक्सेना, ला. सुधीर गौतम, ला. राहुल रोहतगी आदि उपस्थित रहे।

# वीर शिरोमणि महाराजा बिजली पासी का धूम धाम से मनाया गया जन्म दिवस

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। वीर शिरोमणि महाराजा बिजली पासी की जयंती पर भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा संगठन के पदाधिकारियों ने बड़ी धूम धाम से मनाया। और दीपदान आंदोलन संगठन के विधानसभा अध्यक्ष कामता पासी ने गरीब, विधवा महिलाओं को अंग वस्त्र भेंट किया। बता दे कि सफीपुर ब्लॉक क्षेत्र के पावा गाँव में वीर शिरोमणि महाराजा बिजली पासी की जन्म दिवस धूम धाम से मनाया गया। दीपदान आंदोलन संगठन के विधानसभा प्रभारी कामता प्रसाद पासी ने बताया कि महाराजा बिजली पासी की जयंती हर साल 25 दिसंबर को मनाई जाती है। वह 12वीं शताब्दी के एक महान शासक और योद्धा थे, जिन्हें बिजनौर की स्थापना का श्रेय दिया जाता है। इस दिन को पासी समाज समेत सभी सामाजिक संगठनों द्वारा धूमधाम से जन्म दिवस मनाया जाता है। इसी क्रम में सुनील कुमार रावत ने महाराजा बिजली पासी की जयंती पर उनका इतिहास का बखान करते हुए बताया कि महाराजा बिजली पासी 12वीं सदी के एक शक्तिशाली पासी शासक थे, जिन्होंने अवध क्षेत्र (लखनऊ के पास) में शासन किया, बिजनौर (बिजनागढ) और नथवागढ़ सहित कई किले बनवाए, और सामाजिक समानता व स्वाभिमान के प्रतीक के रूप में जाने जाते हैं, जिन्होंने विदेशी आक्रमणकारियों और तत्कालीन शासकों का बहादुरी से सामना किया, खासकर गांजर के युद्ध (लगभग 1194 ई.) में, जहाँ वे वीरगति को प्राप्त हुए; उनका इतिहास दलितों के गौरवशाली अतीत को दशार्ता है और उन्हें अन्याय के खिलाफ लड़ने वाले योद्धा के रूप में याद किया जाता है। इस मौके पर देवी प्रसाद शर्मा, बेचेलाल वर्मा, मदन पासी, सावित्री देवी, चंचल कुमारी, नारायणी जोशी, मौका देवी, कैलाश शंकर मौर्या समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## बाइक की टक्कर से घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के लोधौरा वार्ड नंबर पांच निवासी बाइक की टक्कर से घायल महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई ।पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक धुंधिया(60) पत्नी पुत्तीलाल बुधवार की शायं अपने खेतों से वापस हो रही थी। तभी थाना क्षेत्र के गोबरहा रोड पर उसके घर से कुछ दूरी पर ही बाइक सवार ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गई थी। इलाज के लिए परिजन जिला अस्पताल ले गये थे। जहां इलाज के दौरान गुरूवार की सुबह उसने दम तोड दिया। टक्कर मारकर बाइक चालक बाइक समेत मौके से भाग निकला था। बिहार थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया कि मृतक के बेटे की सूचना पर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# घने कोहरे में मार्गों पर धीमी गति से चल रहे वाहन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गुरुवार सुबह घने कोहरे ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया। तड़के से ही कोहरे की मोटी चादर छाने से दृश्यता (विजिबिलिटी) बेहद कम हो गई, जिससे सड़कों पर चलना जोखिम भरा हो गया। कई इलाकों में दृश्यता घटकर लगभग 20 मीटर रह गई। घने कोहरे का सर्वाधिक असर नेशनल हाईवे-27 और आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर देखा गया। हाईवे पर वाहन चालकों को धीमी गति से चलने पर मजबूर होना पड़ा। एक्सप्रेस-वे पर भी वाहन रेंगते हुए नजर आए, जहां आमतौर पर तेज रफ्तार रहती है। वाहन चालकों ने फॉग लाइट और हैजर्ड लाइट का इस्तेमाल किया। गंगा पुल पर भी वाहनों की रफ्तार धीमी रहने से कुछ देर के लिए जाम की स्थिति बनी। मौसम विभाग के अनुसार, जिले में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 65 प्रतिशत आर्द्रता और लगभग 6 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही ठंडी हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी। सर्द हवाओं और कोहरे के कारण लोग घरों में ही रहे। खुले में काम करने वाले मजदूरों और रिक्शा चालकों को ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा लेते देखा गया। कोहरे के कारण रेल और सड़क यातायात भी प्रभावित हुआ। हालांकि, किसी बड़े हादसे की सूचना नहीं मिली है। प्रशासन और पुलिस विभाग ने हाईवे तथा प्रमुख मार्गों पर गश्त बढ़ा दी है, ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके। प्रशासन ने वाहन चालकों को विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी है। अधिकारियों ने अपील की है कि कोहरे के दौरान तेज गति से वाहन न चलाएं, सुरक्षित दूरी बनाए रखें और फॉग लाइट का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें। अनावश्यक यात्रा से बचने की भी सलाह दी गई है। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक कोहरे और ठंड के बने रहने की संभावना जताई है।

## कोहरे के चलते बस व कंटेनर में आमने-सामने भिड़ंत, कई यात्री घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। भीषण कोहरे के कारण एक रोडवेज बस व कंटेनर के बीच आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गई इस हादसे में करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया। परिवहन विभाग की बस का चालक राजकुमार वर्मा पुत्र नाथूराम निवासी ग्राम चौचा थाना कोतवाली देहात जनपद एटा अपने साथी परिचालक शैलेश यादव पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी राजकीय इंटर कालेज के सामने आगरा रोड थाना कोतवाली सदर जनपद मैनपुरी के साथ बस लेकर बांगरमऊ से लखनऊ की तरफ जा रहा था तभी बांगरमऊ क्षेत्र में लखनऊ मार्ग पर गांव मुस्तफाबाद के निकट सामने से आ रहे कंटेनर से उसकी आमने सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई इस हादसे में बस परिचालक शैलेश यादव व सवारी के रूप में बैठे प्रकाश पुत्र लच्छा,सुनील पुत्र अशफीर्लाल व रेनू पत्नी सुनील तीनो निवासी नैनसुख खेड़ा एफ 84 तथा उमेश पुत्र राकेश निवासी रसूलाबाद थानाक्षेत्र आसीवन,ममता पत्नी सुरेश निवासी सबलीखेडा बेहटा मुजावर यह लोग घायल हो गए घटना के बाद सभी घायलों को बांगरमऊ अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया जहां से उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना पर कोतवाल अखिलेश चंद पांडेय भी मौके पर पहुंचे तथा घायलों से पूछताछ कर आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देश दिया।

# अवैध खनन का गढ बना भगवंतनगर क्षेत्र, मिलीभगत का संदेह



अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र का भगवंतनगर क्षेत्र इन दिनों अवैध मिट्टी खनन का गढ बन चुका है। इस क्षेत्र में मिट्टी खनन माफियाओं का बोलबाला है। रात के अंधेरे में जमकर खनन किया जा रहा है। माफियाओं के हौसले इतने बुलंद है कि शायं होते ही क्षेत्र में चारो ओर डम्परों की आवाज गूंजने लगती है। स्थानीय तहसील व पुलिस प्रशासन भी सब कुछ जानते हुये भी चुप्पी साधे हुये है। खुलेआम क्षेत्र में चल रहा यह खनन स्थानीय पुलिस व तहसील प्रशासन की मिलीभगत या लापरवाही यह सवाल हर किसी के मन में कौंध रहा है। ग्रामीण लगातार चल रहे इस खनन को लेकर स्थानीय पुलिस व तहसील प्रशासन की कार्यशैली को लेकर तरह तरह की चचाएं कर रहे हैं। क्षेत्रीय लोग अब अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों व प्रशासन से अवैध खनन बंद कराने की मांग करने लगे हैं। बुधवार की रात खनन माफियाओं ने मिट्टी खुदाई कर पुरंदरपुर से पाटन जाने वाले मुख्य मार्ग पर ही मिट्टी का ढेर लगा दिया। जिससे सुबह अपने काम पर निकलने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पडा। लोगों ने अपनी समस्या सोशल मीडिया पर फोटो डालकर वायरल की तो हरकत में आये खनन माफिया ने तुरंत जेसीबी लगाकर मिट्टी हटाई चार घंटे बाद मार्ग चालू हो सका। एसडीएम रनवीर सिंह ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल खनन मामले को संज्ञान में लेकर टीम भेजी गई है। मामले की जांच कराकर खनन कराने वालों पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# भव्य दिव्य स्वर्णिम कंबल वितरण हजारों बेसहारा जरूरतमंदो के खिले चेहरे



अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। विधानसभा भगवन्तनगर क्षेत्र के महेश खेड़ा के अमर शहीद रामलखन सिंह स्मारक विद्यालय मे पुष्प फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा विद्यालय प्रांगण मे दिव्य भव्य ऐतिहासिक कंबल वितरण के नौवे चरण मे विशाल वृहद कंबल वितरण किया जिसमे दो दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतो के हजारों रिकार्ड बेसहारा जरूरतमंदो को कंबल दिया गया कंबल वितरण की अध्यक्षता सेवानिवृत शिक्षक राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित आनंद मोहन द्विवेदी ने किया कार्यक्रम का संचालन राघवेंद्र सिंह व इकबाल सिंह ने किया वही भव्य आयोजन मे अमर शहीद रामलखन सिंह स्मारक विद्यालय की बालिका आँचल देवी के द्वारा एक गीत (माता भी तू, पिता तू, बहना का अभिमान है तू, मेरे लिये भगवान है तू)पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह को समर्पित किया जिसमे उपस्थित भारी जनसैलाब भावुक हो गया अन्य वक्ताओ मे समाजसेवी ब्लॉक प्रमुख बीघापुर प्रतिनिधि प्रकाश सिंह परौरी,डॉ ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह राजू, राजबक्श सिंह, रवीन्द्र कुमार, नीलेश रावत,कवि लेखक कीर्तनकार प्रवक्ता अखिलेश वैरागी आदि ने सम्बोधित किया सभी ने पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह के जनहित के कार्यों की प्रशंसा की वही कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि मुख्य वक्ता के रूप मे बोलते हुवे पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने मानव समाज की सेवा का अपना संकल्प दोहराया व विद्यालय की छात्रा आंचल देवी के लिये शिक्षा के क्षेत्र मे कला के क्षेत्र मे, सिविल शिक्षा के क्षेत्र मे जिसमे वह अपना भविष्य निखारना चाहती हो अगर भविष्य मे उन्हें कोई जरूरत होगी तो पूरी मदद की जायेगी कंबल वितरण मे मुख्य ग्राम पंचायते पनई,रुद्रपुर, महेश खेड़ा,कुम्भी, खरझारा,रावतपुर, अलावलपुर, बाजितपुर,जालापुर रही कार्यक्रम मे मुख्य रूप से तेजबहादुर सिंह,भोले सिंह प्रधान,प्रतिनिधि आर के सिंह मामाजी, सचिन सिंह चैनपुर, गोलू सिंह निहाली खेड़ा ज्ञानेंद्र सिंह ऊर्फ पप्पू सिंह,प्रखर सिंह,उपेंद्र सिंह ऊर्फ रोहित,ज्ञान सिंह,पंकज सिंह,शिवम यादव,सलीम मोहम्मद,गौरव सिंह, पिंटू यादव,दीपिका सिंह राना,विजेता दीक्षित, शांती सिंह आदि रही वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र सिंह जी का माल्यार्पण कर विद्यालय परिवार के प्रबंधक सगुन सिंह , प्रधानाचार्य संदीप पटेल,उप प्रधानाचार्य सचिन पासवान, कार्यालय अधीक्षक अरुण यादव, लिपिक योगेश वर्मा ,विजय बहादुर वर्मा ,अनूप ,मोहित यादव उमाकांत ,शिवशंकर वर्मा , रोहित पटेल,एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा

# मुख्य मार्ग पर भारी अतिक्रमण से जनता बेहाल, घंटों लग रहा है जाम



अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के मुख्य मार्गों पर अनियंत्रित अतिक्रमण और अवैध कब्जों के चलते यातायात व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई है। डग्गामार वाहनों और सड़क तक फैली दुकानों के कारण रोजाना घंटों तक जाम की स्थिति बनी रहती है। जिससे स्थानीय नागरिकों और राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नगर के मुख्य चौराहे से लेकर हरदोई उन्नाव मार्ग, बिल्हौर मार्ग, सण्डीला मार्ग, और लखनऊ मार्ग तक दुकानदारों ने अपनी दुकानों के बाहर कई फीट तक सामान सजा रखा है। फुटपाथ तो पहले ही गायब हो चुके थे, अब मुख्य सड़क का हिस्सा भी अतिक्रमण की भेंट चढ़ गया है। इसके अलावा, ई-रिक्शा और डग्गामार वाहनों के बेतरतीब खड़े होने से स्थिति और भी भयावह हो गई है। जाम की समस्या इतनी गंभीर है कि आपातकालीन सेवाओं पर भी इसका बुरा असर पड़ रहा है। अक्सर देखा जाता है कि मरीजों को लेकर जा रही एम्बुलेंस और स्कूल से घर लौट रहे बच्चों की बसें घंटों जाम में फंसी रहती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह और शाम में स्थिति नियंत्रण से बाहर हो जाती है। नगर के व्यापार मंडल और प्रबुद्ध नागरिकों ने इस समस्या पर गहरा रोष व्यक्त किया है। स्थानीय निवासी रामबिहारी वर्मा, सुभाष गुप्ता, आजाद आदि का कहना है कि अतिक्रमण के कारण बाजार आने में डर लगता है। प्रशासन द्वारा कभी-कभी औपचारिकता के लिए अभियान चलाया जाता है, लेकिन दो दिन बाद स्थिति फिर वैसी ही हो जाती है। नगर पालिका और स्थानीय पुलिस प्रशासन की ढुलमुल कार्यप्रणाली को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। लोगों की मांग है कि अतिक्रमणकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और मुख्य मार्गों को 'नो पार्किंग जोन' घोषित कर वहां यातायात पुलिस की स्थायी तैनाती की जाए। सड़क किनारे से अवैध होर्डिंग्स और सामान हटवाया जाए। ई-रिक्शा के लिए अलग स्टैंड की व्यवस्था हो। अतिक्रमण करने वालों पर भारी जुमार्ना लगाया जाए। अब देखना यह है कि प्रशासन इस गंभीर समस्या से नगरवासियों को कब तक निजात दिला पाता है।

## क्रिसमस डे पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन, सबके लिये हुई प्रार्थना



अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। लव ऑफ गॉड मिनिस्टरी सफीपुर के तत्वाधान में कस्बा के एक मैरिज लान में क्रिसमस का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया जिसमें भारी संख्या मे लोगों ने भाग लिया। पादरी सहदेव प्रसाद के द्वारा प्रार्थना करके कार्यकम की शुरूआत की गई और उसके बाद संदीप कुमार क्रिश कुमार की अगुवाई में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें निम्न भजन शोर में दुनिया में हो गया आज पैदा मसीह हो गया झूमों नाचो खुशी से आज, यीशु पैदा हुआ' आदि भजनों को गाकर भक्तगणों ने आनन्द लिया। उसके बाद यीशु के जन्म दिन पर छोटे बच्चों ने कार्यकम की प्रस्तुति दी और सजीव मंचन किया जिसमें सलोमी ने मरियम एवं राखी ने यूसुफ का रोल अदा किया उक्त आयोजन में सभी के लिए प्रार्थना की गई और देश की शांति के लिए भी प्रार्थना की गई और उपस्थिति लोगों के लिए भण्डारे का आयोजन किया गया जिसका स्वाद भक्तगणों ने उठाया कार्यकम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे ने कार्यक्रम मे इस अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रईश खान पप्पू, दुर्गेश कुमार अमन विवेक विशाल कुमार वीरपाल हर्ष आशीष विमल किशोर अभिषेक विमल दिनेश उमा संतोष राम लखन हेमराज जवाहर आदि लोग उपस्थित रहे

# लालगंज हाइवे पर मिला अज्ञात शव, शिनाख्त नहीं

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। लालगंज उन्नाव हाइवे पर बिहार थाना क्षेत्र के ककरारी गांव के सामने गुरुवार की सुबह पच्चीस वर्षीय एक अज्ञात युवक का शव चोटिल अवस्था में पडा मिला है। आशंका है कि युवक की मौत किसी वाहन की टक्कर लगने से हुई है। उसकी तलाशी में भी कोई पहचान पत्र नही मिला है। उसकी मौत क्यों और कैसे हुई है। इन सवालों का जवाब भी शव के शिनाख्त के बाद ही मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। पुलिस अभी युवक को विक्षिप्त बताते हुए सडक हादसे में उसकी मौत की बात कह रही है। बिहार थानाध्यक्ष राहुल सिंह ने बताया कि युवक के हांथ में संगीता रंजीत दुर्गा गुदा हुआ है। युवक चेकदार शर्ट व काला लोवर पहने हुये है। शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया है। शव की शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे हैं।

## मार्ग दुर्घटना में मृतक युवक की पत्नी ने दर्ज कराया मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बारा सगवर थाना क्षेत्र के गांव बेलहरा निवासी बाबूलाल की सड़क दुर्घटना में 19 दिसंबर को मौत हो गई थी। मृतक की पत्नी राजकुमारी ने चार पहिया वाहन पर लापरवाही से गाड़ी चलाने का केस दर्ज कराया है। राजकुमारी ने थाने में तहरीर देकर बताया कि 19 दिसंबर को उसका पति निहाली खेड़ा निवासी चक्की मालिक सर्वेश के साथ बाइक से जा रहे थे जैसे ही ऊंचगांव लालकुआं मार्ग पर पहुंचे तो चार पहिया वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे पति बाबूलाल की घटनास्थल पर ही मौत हो गई वहीं घायल सर्वेश का इलाज अभी चल रहा है।

# निकाली गई विशाल तुलसी शोभायात्रा 51 हजार तुलसी पौधों का किया गया निःशुल्क वितरण



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। रामलीला मैदान से गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल तुलसी शोभायात्रा निकाली गई। इस यात्रा में 51 हजार तुलसी के पौधों का निःशुल्क वितरण किया गया। यात्रा का मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक झांकियां रहीं, जिनमें विभिन्न महापुरुषों की प्रेरक गाथाएं प्रस्तुत की गईं। शोभायात्रा में स्वदेशी के महत्व और आत्मनिर्भर भारत के संदेश को दशार्ती झांकियां शामिल थीं। इसके अतिरिक्त, 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से भारतीय सेना के शौर्य, सामाजिक चेतना और नारी शक्ति के सम्मान को प्रदर्शित किया गया। हिंदू जागरण मंच के प्रांतीय मंत्री एवं प्रभारी विमल द्विवेदी ने बताया कि देश की आजादी में प्राणों की आहुति देने वाले काकोरी कांड के शहीदों पंडित रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्लाह खान और ठाकुर रोशन सिंह की स्मृति में विशेष झांकियां निकाली गईं। इसके साथ ही, 12वीं सदी के अवध के महान शासक / योद्धा महाराज बिजली पासी और लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान को भी स्मरण किया गया। उनकी 150वीं जयंती वर्ष को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादों के महान बलिदान को याद करते हुए उनके शहीदी दिवस पर आधारित विशेष झांकियों ने जनमानस को प्रेरित किया। इन झांकियों ने साहस और बलिदान की गाथा प्रस्तुत की। इस विशाल यात्रा में महिलाओं (मातृ शक्ति) की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की गई, जिसने भारतीय संस्कारों के संरक्षण में उनकी अग्रणी भूमिका को रेखांकित किया। तुलसी के आध्यात्मिक और वैज्ञानिक महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से यात्रा के दौरान तुलसी के पौधों का निःशुल्क वितरण किया गया, ताकि प्रत्येक घर में शुद्धता और आरोग्य का वास हो। इस अवसर पर हिन्दू जागरण मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, राकेश राजपूत, निशांत शुक्ला, अवधेश दीक्षित, विकास सेंगर, मनीष अवस्थी, शिवसेवक त्रिपाठी, अभिषेक तिवारी, धर्मेंद्र शुक्ला और योगेन्द्र तिवारी ,धीरज राजपूत, हरिओम पत्रकार सहित हजारों की संख्या में सनातनी 'जय श्री राम' के नारे लगाते हुए यात्रा में शामिल रहे।

# अटल काव्य संध्या का किया गया आयोजन



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। निराला प्रेक्षागृह में भारतीय जनता पार्टी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ द्वारा अटल काव्य संध्या का आयोजन किया गया। इसमें साहित्य विधा से जुड़े लोगों, कवियों और बुद्धिजीवियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज की गई। कार्यक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अटल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर और अटल प्रदर्शनी के उद्घाटन के साथ हुआ। इस अवसर पर अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, महिला आयोग की सदस्य पूनम द्विवेदी, पैक्स पैड के अध्यक्ष प्रेम सिंह शाक्य, ललित कला अकादमी के उपाध्यक्ष गिरीश मिश्रा, पिछड़ा वर्ग आयोग की सदस्य रिचा राजपूत, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राकेश तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश कोरी और प्रदेश मुख्यालय प्रभारी भारत दीक्षित सहित कई प्रदेश स्तरीय नेता उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने अटल जी के जीवन, उनके विचारों और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डाला और उन्हें श्रद्धांजलि दी। नीरज सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़कर आयोजकों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। काव्य संध्या में कवि अनिल चौबे, इटावा से कमलेश शर्मा, अयोध्या से रुचि दुबे और लखनऊ से गिरीश अवस्थी ने अपनी कविताओं का पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन कवि विश्वनाथ तिवारी 'विश्व' ने किया। आयोजक कवयित्री प्रियंका शुक्ला ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर साहित्य विधा से जुड़ी विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। इनमें आचमन से आर.पी. वर्मा सरस, संस्कार भारती से प्रभात सिन्हा व रामदेव शुक्ला और शब्द शुद्धि गंगा अभियान से विनय दीक्षित, रामबोध शुक्ला, मुकेश यादव, प्रेमचंद सिंह, डॉ. गौरव अवस्थी तथा अखिलेश अवस्थी शामिल थे। आयोजन समिति की ओर से अतिथियों का स्वागत सदर विधायक पंकज गुप्ता के पुत्र प्रखर गुप्ता और युवा भाजपा नेता विनय सिंह सहित अन्य कार्यकताओं ने किया।

# पुलिस मुठभेड़ में एक बदमाश को लगी गोली, दूसरा फरार



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। थाना असोहा पुलिस और सर्विलांस स्क्वाट की संयुक्त टीम ने बीती रात कालूखेड़ा भल्ला फार्म मार्ग पर जंगली खेड़ा नहर पुलिया पर चेकिंग कर रही थी इस दौरान एक पैशन प्रो मोटरसाइकिल नंबर यू पी 35 ए एम 3104 से दो व्यक्ति आ रहे थे पुलिस ने चेकिंग करने के उद्देश्य से रुकने का इशारा किया तो बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी आत्मरक्षक के लिए पुलिस ने जवाबी फायरिंग की जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लग गई और गिर गया जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और दूसरे ने अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ के दौरान अपना नाम शेरा उर्फ गोलू पुत्र पन्नालाल निवासी रऊकरना थाना माखी जनपद उन्नाव बताया और हाल ही में पता औद्योगिक क्षेत्र थाना दही उन्नाव भी बताया पकड़े गए अभियुक्त के पास से पुलिस ने एक मोटरसाइकिल पैशन प्रो एक तमंचा 315 बोर एक खोखा 315 बोर एक जिंदा कारतूस 315 बोर तथा लगभग 150 किलो चोरी के घंटे बरामद किए अभियुक्त शेरा पर उन्नाव में कई थानों में चोरी के कई मुकदमे दर्ज हैं पुलिस ने घायल शेरा को सी एच सी असोहा में भर्ती कराया गया और मौके से भागे अभियुक्त की तलाश की जा रही है प्राथमिक उपचार के बाद घायल शेरा उर्फ गोलू को जिला अस्पताल उन्नाव रेफर कर दिया गया प्रभारी निरीक्षक फूल सिंह ने बताया कि आगे विधिक कार्यवाही की जाएगी साथ ही फरार अभियुक्त की तलाश जारी है।

# दो बाईकों की आमने सामने भिड़ंत दो युवती समेत युवक घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में संडीला मार्ग पर गोसा प्रयागपुर पुल के पास दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में एक बाइक पर सवार पिता, पुत्री और भतीजी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें बांगरमऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया गया है।


जानकारी के अनुसार, हरदोई जिले के मल्लावां थाना क्षेत्र के कलेनापुर गांव निवासी सुरेश (55 वर्ष) अपनी बेटी ममता (18 वर्ष) और भतीजी रीता (17 वर्ष) के साथ रिश्तेदारी में बेहटा मुजावर गए थे।

गुरुवार शाम करीब साढ़े छह बजे वे वापस अपने घर लौट रहे थे। संडीला मार्ग पर गोसा प्रयागपुर पुल के पास सामने से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक से उनकी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। दूसरा बाइक सवार मौके से फरार हो गया।

हादसे में सुरेश, ममता और रीता गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल सीएचसी बांगरमऊ ले जाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। घायलों में सुरेश की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, हेलमेट न पहनने के कारण चोटें अधिक लगी हैं।

सूचना मिलने पर अस्पताल पहुंचे परिजनों में चीख-पुकार मच गई। गंभीर रूप से घायल सुरेश को बाद में एक निजी अस्पताल में ले जाया गया है।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने चलाया विशेष अभियान



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। क्रिसमस और नए वर्ष के त्योहारों को देखते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग मिलावटी और असुरक्षित खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए अलर्ट पर है। जिला प्रशासन के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने बेकरियों और केक शॉप्स पर विशेष निरीक्षण अभियान चलाया। इस दौरान कई प्रतिष्ठानों में गंदगी और नियमों का उल्लंघन पाया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने प्रियंका के नेतृत्व में शहर और आसपास की प्रमुख बेकरियों तथा केक शॉप्स का औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान केक, पेस्ट्री, बेस, क्रीम और अन्य खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की बारीकी से जांच की गई। अधिकारियों ने बताया कि अभियान के तहत कुल 12 खाद्य नमूने संग्रहित कर प्रयोगशाला भेजे गए हैं। निरीक्षण में कई बेकरियों में साफ-सफाई की स्थिति खराब मिली। कुछ स्थानों पर खाद्य सामग्री खुले में रखी हुई थी, तो कहीं एक्सपायरी डेट का ध्यान नहीं रखा गया था। मिलावट की आशंका के चलते केक, पेस्ट्री और बेस के नमूने लिए गए। वहीं, मानकों के अनुरूप न पाए जाने पर बड़ी मात्रा में केक, पेस्ट्री और बेस को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने नियमों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी किए हैं। उन्हें साफ-सफाई दुरुस्त करने, खाद्य मानकों का पालन सुनिश्चित करने और लाइसेंस संबंधी दस्तावेज पूरे रखने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि त्योहार के दौरान लोगों के स्वास्थ्य से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। विभाग का कहना है कि सभी 12 नमूनों की प्रयोगशाला रिपोर्ट आने के बाद यदि किसी भी नमूने में मिलावट या मानकों की अनदेखी पाई जाती है, तो संबंधित प्रतिष्ठान के खिलाफ खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसमें जुमार्ना, लाइसेंस निलंबन या मुकदमा दर्ज करने तक की कार्रवाई शामिल हो सकती है। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने आमजन से भी अपील की है कि वे त्योहार के दौरान केवल विश्वसनीय और साफ-सुथरे प्रतिष्ठानों से ही खाद्य सामग्री खरीदें। यदि कहीं मिलावट या गंदगी नजर आए तो इसकी सूचना तुरंत खाद्य सुरक्षा विभाग या जिला प्रशासन को दें।

## संक्षेप

### भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी पर भव्य समारोह, जनपद स्तरीय पुरस्कारों का वितरण

गोरखपुर। भारत रत्न, श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के अवसर पर विकास भवन सभागार में जनपद स्तरीय पुरस्कार वितरण एवं श्रद्धांजलि समारोह का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। समारोह में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षकों तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्रामीण विधायक विपिन सिंह उपस्थित रहे। जिलाधिकारी दीपक मीणा, मुख्य विकास अधिकारी शाश्वत त्रिपुरारी ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की और अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि अटल जी भारतीय राजनीति के ऐसे युगपुरुष थे, जिन्होंने लोकतंत्र, सुशासन और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा। उनका जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। समारोह के दौरान शिक्षा, खेल, सांस्कृतिक एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं और प्रतिभागियों को जनपद स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे पर उत्साह और गर्व स्पष्ट दिखाई दिया। अधिकारियों ने विद्यार्थियों को आगे भी निरंतर परिश्रम कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी राजमणि वर्मा, बेसिक शिक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र तिवारी सहित शिक्षा विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर लखनऊ से ऑनलाइन माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन भी प्रसारित किया गया, जिसे सभागार में उपस्थित अधिकारियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने ध्यानपूर्वक सुना। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में अटल जी के राष्ट्र निर्माण में योगदान, उनकी दूरदर्शिता और संवेदनशील नेतृत्व की सराहना की।

## हमारा आंगन-हमारे बच्चे कार्यक्रम पूरी भव्यता के साथ संपन्न

### विज्ञान आविष्कार प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

अमन लेखनी समाचार



रिसिया, बहराइच। ब्लाक संसाधन केंद्र चित्तौरा डीहा परिसर में खंड शिक्षा अधिकारी चितौरा अनुराग मिश्र के संयोजकत्व में ब्लाक स्तरीय हमारा आंगन- हमारे बच्चे कार्यक्रम का पूरी भव्यता के साथ आयोजन किया गया। जिसमें विकासखंड चित्तौरा के अनेक शिक्षक, विद्यार्थी एवं अभिभावकों सहित बड़ी संख्या में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की आंगनवाड़ी कार्यकार्त्रियां एवं बाल वाटिका के बच्चे भी सम्मिलित हुए। विकासखंड के प्रत्येक न्याय पंचायत से पांच निपुण विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किया गया।साथ ही राष्ट्रीय विज्ञान आविष्कार प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में यूपीएस एवं कंपोजिट विद्यालयों के कुल विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, जिज्ञासा और नवाचार की भावना को विकसित करना तथा विज्ञान को दैनिक जीवन से जोड़ने के लिए प्रेरित करना था। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागी विद्यार्थियों को विज्ञान, सामान्य ज्ञान और समसामयिकी से जुड़े 25 बहुविकल्पीय प्रश्न हल करने के लिए दिए गए। विद्यार्थियों ने पूरे आत्मविश्वास और लगन के साथ प्रश्नों को हल किया। प्रतियोगिता के उपरांत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शीर्ष पांच विद्यार्थियों का चयन जनपद स्तरीय क्विज के लिए किया गया।विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता में यूपीएस व कंपोजिट विद्यालय के सुनील, बृजेश, दुर्विजय, चंचल व मनोज आदि छात्र/छात्राओ ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।वही दूसरी ओर बहु विकल्पीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में जूनियर स्तर के रीतेश, अजीत, दुर्विजय, इस्लामुद्दीन व चंचल आदि छात्र/छात्राओं ने संयुक्त रूप से जीत का विजय पताका फहराकर अपना व अपने स्कूल का नाम रोशन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

उपरोक्त दोनों कार्यक्रमों का कुशल संचालन राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जिला महामंत्री उमेश चन्द्र त्रिपाठी द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने ने राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के संयुक्त महामंत्री/ सह संयोजक चित्तौरा विनोद कुमार त्रिपाठी ने अपना विशेष सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में बीईओ अनुराग मिश्र एवं उमेश चन्द्र त्रिपाठी ने विजयी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं स्टेशनरी प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों की सराहना करते हुए कहा कि विज्ञान नवाचार और प्रगति की मजबूत नींव है, जो विद्यार्थियों को सोचने, समझने और नई राह बनाने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर विकासखंड चित्तौरा के एआरपी कुमार अभय, श्रवण कुमार मिश्र, हरि ओम मिश्र, जितेंद्र रॉय व सुरेश कुमार यादव ने प्रतियोगिताओं के संपादन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया तथा पूरी शुचिता के साथ प्रतियोगिताएं संपन्न कराई। इस अवसर पर प्रियंका चौबे, नीति मिश्रा, श्वेता वर्मा, आंचल, प्रवेंद्र बालियान, हुकम सिंह, नरेश कुमार, मनोज श्रीवास्तव, आशुतोष त्रिपाठी, प्रहलाद, अजय कुमार, आमरीन, पवन कुमार आदि उपस्थिति रहे।

## प्रधानाचार्य डा. अमित कुमार पांडेय ने छात्र-छात्राओं को बांटे स्वेटर, खिले चेहरे




अमन लेखनी समाचार

बहराइच। विकास खंड तेजवापुर के रमपुरवा में स्थित पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज में भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। प्रधानाचार्य डॉ. अमित कुमार पांडेय ने अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके कृतित्व पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य डा. अमित कुमार पांडेय ने विद्यालय के पात्र छात्र-छात्राओं को गरम स्वेटर भी वितरित किया। इस मौके पर शिक्षक अरविंद कुमार मिश्रा, पंकज कुमार अवस्थी, पशुपतिनाथ शुक्ला, अभिषेक कुमार त्रिपाठी, गुरबचन सिंह, कीर्तन लाल यादव एवं बिरजू उपस्थित रहे।

## जंगली हिंसक जानवर ने दो लोगों को किया जख़्मी



अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। अब्दुल्लागंज रेंज अंतर्गत चनैनी गांव निवासी नागे कश्यप पुत्र राम मनोहर व राम धीरज यादव पुत्र राम मनोरथ यादव कों पहले से मौजूद हिंसक जंगली जानवर ने जख़्मी कर दिया। इससे गांव व आप-पास के लोगों में दहशत फैल गई। स्थानीय वन विभाग जंगली जानवर को पकड़ने में जुट गया है। चनैनी गांव में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक हिंसक जंगली जानवर बाग में बैठा आराम कर रहा था, अपने पास ग्रामीणों की आहट सुन वह हिंसक हो गया और भीड़ पर हमला बोल दिया।जब तक ग्रामीण कुछ समझ पाते दो लोगो को जख़्मी दिया। हमले के बाद जंगली जानवर भाग गया। ग्रामीणों ने 112 व स्थानीय अब्दुल्ला रेंज अधिकारी पंकज साहू को सूचना दी। साथ ही घायलों को सीएचसी चरदा में भर्ती कराया। पुलिस व रेंज अधिकारी श्री साहू (वन विभाग) की टीम के साथ ग्रामीण मौके पर डटे रहे। रेंज अधिकारी श्री साहू ने बताया है कि जंगली जानवर कही से भटक कर यहाँ आ गया है। हिंसक जानवर कों पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम लगी हुई है वही जन जागरूकता हेतु लोगों को लगाया गया है। पदचिन्हो कों देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि जानवर जंगल को लौट गया है।

## धूमधाम से मनाई गई पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती

### क्षेत्रीय विधायक ने दीप प्रज्वलन कर संगोष्ठी का किया शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर` देश के बहुआयामी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती संपूर्ण देश में जगह-जगह धूमधाम से मनाई गई फतेहपुर जनपद के अमौली विकासखंड अंतर्गत नवनिर्मित सरदार पटेल पार्क प्रांगण में पूर्व प्रधानमंत्री की 101 वीं जयंती के अवसर पर संगोष्ठी आयोजित की गई कार्यक्रम का शुभारंभ जहानाबाद विधायक राजेंद्र सिंह पटेल द्वारा किया गया जहां मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक ने दीप प्रज्वलित कर पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा में माल्यार्पण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया वही संगोष्ठी में मौजूद अमौली मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता महिला मोर्चा जिला मंत्री डॉक्टर उत्प्रेक्षा त्रिवेदी राज्य परिषद सदस्य डॉ राम भक्त वर्मा साहब सिंह गौतम सुतीक्ष्ण सिंह समेत अन्य जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों ने भी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सादर नमन किया संगोष्ठी कार्यक्रम में उपस्थित गायक ब्यास सागर सिंह धर्मेंद्र सिंह के साथ तबले पर संगत करते हुए पंडित अशोक द्विवेदी चांदपुर ने गीत संगीत की सुमधुर ध्वनि प्रसारित करते हुए समूचे जन समुदाय को भाव विभोर कर दिया क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने सभी मां सरस्वती के पुत्र के रूप में उपस्थित गीतकार कलाकार तथा व पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों को पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट करते हुए सम्मानित किया संगोष्ठी कार्यक्रम पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमौली के अधीक्षक डॉक्टर पुष्कर कटियार अमौली चौकी प्रभारी दिग्विजय सिंह आदि वरिष्ठ लोगों को रजत प्रताप सिंह द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की गई इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता पूर्व शिक्षक सुरेंद्रनाथ उमराव गौरी शंकर देवेंद्र अवस्थी कृष्ण कुमार पाण्डेय अजय यादव क्षेत्रीय ग्राम प्रधान अनुज सिंह श्रीकांत उत्तम रविंद्र सिंह जगनायक सिंह पिंटू चक टैया सिंह रामकुमार निषाद रामकिशन समेत बड़ी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीण तथा भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी मौजूद रहे ।

## कैसरगंज क्षेत्र के युवाओं ने जर्जर संजय सेतु के निर्माण की मांग को लेकर किया प्रदर्शन



अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। घाघरा घाट संजय सेतु पुल में दरारें, खुले जोड़ और ढीले नट-बोल्ट के कारण भारी वाहन गुजरते समय कंपन होता है, जिससे बड़े हादसे का खतरा है और जाम लगता है, जबकि नया पुल निर्माण का कार्य शुरू नहीं हुआ है। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि जल्द नया पुल बने और सिक्स लेन मार्ग बने ताकि आवागमन सुगम हो सके और सुरक्षा बढ़े।

**मुख्य बिंदु**

समस्याः संजय सेतु (घाघरा पुल)

की हालत बेहद खराब है, जिसमें गहरी दरारें हैं और कई जॉइंट क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, जिससे पुल हिलता है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। प्रभावः पुल की जर्जर हालत के कारण अक्सर लंबा जाम लगता है और पुलिस को यातायात संभालने में दिक्कत होती है। स्थानीय लोगों और युवाओं की मांग है कि पुराने पुल की मरम्मत हो, नया पुल जल्दी बने और मार्ग को सिंगल लेन से सिक्स लेन में बदला जाए, जैसा कि सरकार ने फंड स्वीकृत किया है, लेकिन काम शुरू नहीं हुआ है। इसी मांग को लेकर कैसरगंज के युवाओं ने पुल के सामने खड़े होकर विरोध प्रदर्शन किया।

## नायब तहसीलदार ने परखी रैन बसेरे की हकीकत



### रैन बसेरे में मुसाफिरों के लिए बेहतर व्यवस्था

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज बस स्टॉप पर स्थित रैन बसेरे का नायब तहसीलदार सचिन श्रीवास्तव ने पहुंचकर जमीनी हकीकत से रूबरू हुए। सचिन श्रीवास्तव एवं नायब तहसीलदार सुरेंद्र कुमार वर्मा ने बस स्टॉप कैसरगंज पर स्थित रैन बसेरे का निरीक्षण किया। रैन बसेरे में एक मुसाफिर मौजूद थे उनसे हाल जाना। तहसीलदार ने बताया कि बस स्टॉप पर स्थित रैन बसेरे की व्यवस्था बिल्कुल चुस्त दुरुस्त है। मुसाफिरों के लिए ठहरने का बेहतरीन इंतजाम है। खाने पीने के लिए गुड़ चना और स्वच्छ पानी की व्यवस्था प्रशासन की तरफ से की गई है। एक पहरेदार की ड्यूटी 24 घंटा रहती है, कोई भी मुसाफिर बिना झिझक के रुक सकता है। कोई भी मुसाफिर अपना आईडी कार्ड दिखाकर रह सकता है, साथ ही साथ कैसरगंज मार्केट में जल रहे अलाव की भी नायब तहसीलदार ने चेक किया।

## ग्राम पंचायत सेसा सुबकरा गौशाला के हालात एकदम सही पर प्रशासन से सवाल

अमन लेखनी समाचार



चित्रकूट। मऊ ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत सेसा सुबकरा जो की चार मजरों की ग्राम पंचायत है। लगभग चारों मजरों की जनता ग्राम प्रधान प्रमोद द्विवेदी के कार्यों से खुश है। ग्राम पंचायत के सभी मजरों में रोड पेयजल व्यवस्था तथा सफाई आवास तथा बहु बेटियों संबंधित योजनाएं लागू करके प्रधान ने सब का दिल जीता है। एक जमाना में पटोरी ग्राम पंचायत के रास्तों में बड़े-बड़े पत्थर हुआ करते थे ग्राम प्रधान प्रमोद द्विवेदी ने उन पत्थरों को तुड़वाकर के आज वहां पर समतल रास्ते इंटरलॉकिंग खडंजा बन गए हैं जिसे गांव में जनता उनके विकास कार्यों से प्रभावित हुई है। ग्राम पंचायत की गौशाला एक ऐसे मुहाने पर बनी है जहां पर जाने के लिए रास्ते की भी समस्या 40 वर्षों से बनी हुई थी, इस रास्ते से कंपोजिट विद्यालय तथा सेन परिवार का एक पूरवा बसा है जो मात्र एक रास्ता है। 40 वर्षों में कई प्रधानों ने प्रधानी की तथा कई पत्रकारों ने इस रास्ते के लिए समस्या उजागर किया, जिसमें जल भराव की स्थिति रहती है तथा बहुत गहरा होने के कारण आने-जाने में स्कूली बच्चों व लोगों को परेशानी होती है। वर्तमान प्रधान प्रमोद द्विवेदी ने अपने अथक प्रयास से जिला पंचायत द्वारा इस रास्ते को पास कराया है जो कि उनके कार्यकाल में बन रहा है। ग्राम पंचायत की गौशाला में 300 पशु वर्तमान समय पर संरक्षण में प्रधान के हैं गौसेवकों द्वारा भूसा पशु आहार नमक खिलाने का कार्य प्रतिदिन करते हैं और मैप की फोटो भी प्रशासन को भेजी जाती है। ग्राम प्रधान का कहना है कि मैंने 15 विश्वा हरा चारा इन पशुओं के लिए बोया गया है, जो कटाई आने वाली है मैं गोवंशो के लिए हरा चारा की व्यवस्था ऑलरेडी किया हूं। रास्ते का समाधान तो हो गया लेकिन एक बहुत बड़ा प्रश्न ग्राम पंचायत शेष सेसा सुबकरा का प्रशासन से है कि 5 वर्ष पहले एक गौशालाओं में टीन सेड आदि का निर्माण शासन सत्ता ने करवाया लेकिन आज तक इस ग्राम पंचायत में कोई टीन सेट का निर्माण नहीं हो पाया है। जिसमें प्रधान चरही बनवा करके कांटे से बड़ा घिरवा करके खुले में भूसा तिरपाल में मूंद करके बड़े स्टॉक के साथ पशुओं को खिला रहे हैं जो उनके पशु देखने में ही स्वस्थ दिख रहे हैं। वर्तमान प्रधान ने अपने ग्राम पंचायत में कई समस्या भरे रास्तों को बनवाया तथा संपर्क मार्गो को भी बनवाया है।

## धोबाही में अटल बिहारी वाजपेयी का मनाया जन्मदिन



अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। विकास खंड नवाबगंज क्षेत्र के बूथ संख्या 18 धोबाही में पूर्व प्रधानमंत्री / भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी के जन्मदिन की पूर्व संख्या पर क्षेत्रीय समाजसेवियों व बीजेपी पदाधिकारियों नें अटल जी के चित्र पर पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान रहीम नगर अतुल सिंह नें उपस्थिति लोगों कों सुशासन सप्ताह के महत्व और अटल विहारी बाजपेयी के जीवन के बारे में प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बाजपेयी न केवल एक महान राजनेता थे, बल्कि एक प्रखर वक्ता, संवेदनशील कबि और दूरदर्शी व्यक्तित्त्व के धनी भी थे। उनके नेतृत्व में भारत नें राजस्थान के पोखरण में सफल परमाणु परीक्षण, कारगिल विजय, स्वर्णिम चतुर्भुज जैसे ऐतिहासिक कार्य व देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष नवाबगंज बलवंत सिंह, जिला कार्यसमिति सदस्य ओम प्रकाश गुप्ता (पिंटू गुप्ता), बूथ अध्यक्ष अजीत सिंह, रजवंत सिंह, सत्यम सिंह, मयंकर सिंह, आर्यन सिंह आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्र को समर्पित रहा है पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन - आर के सिंह पटेल

अमन लेखनी समाचार



चित्रकूट। देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101 वीं जयंती बांदा चित्रकूट के पूर्व सांसद आर के सिंह पटेल के बलदाऊ गंज स्थित आवास पर मनाई गई। पूर्व सांसद सिंह पटेल ने स्व0 बाजपेयी को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी ऐसे राजनेता थे जिनके व्यवहार, गरिमा और राष्ट्रीय हित के प्रति अटूट प्रतिबद्धता ने भारतीय राजनीति के लिए एक मिसाल कायम की। उन्होंने कहा कि अटल जी का जीवन राष्ट्र को समर्पित था और उनका योगदान हमेशा याद किया जाएगा।अटल जी की जयंती हम सभी के लिए उनके जीवन से प्रेरणा लेने का एक खास मौका है। उनका आचरण, गरिमा, वैचारिक दृढ़ता, और देश के हित को सबसे ऊपर रखने का संकल्प भारतीय राजनीति के लिए एक आदर्श मानक है। अपने जीवन से उन्होंने यह दिखाया कि श्रेष्ठता पद से नहीं, बल्कि आचरण से स्थापित होती है, और यही समाज को राह दिखाता है।पूर्व सांसद ने कहा कि देश के मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अटल बिहारी वाजपेयी जी के परिकल्पनाओं के अनुरूप विकास भारत के निर्माण के प्रति प्रतिबद्ध है।पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत आज विश्व की महाशक्ति के रूप में उभर रहा है। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता शक्ति प्रताप सिंह तोमर, राजकुमार त्रिपाठी, हरि गोपाल मिश्रा, सुनील सिंह पटेल, लक्षण सिंह आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## गाजीपुर में कड़ाके की ठंड, कोहरे से यातायात प्रभावित

अमन लेखनी समाचार

गाजीपुर जिले में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे से जनजीवन तथा यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई है। मंगलवार सुबह जिले में दृश्यता लगभग 50 मीटर तक रह गई, जिससे विशेषकर वाराणसीझ्रगोरखपुर हाईवे पर वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई है और आवागमन में परेशानी हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार, न्यूनतम तापमान लगभग 9झ्र10 डिग्री सेल्सियस के करीब दर्ज किया गया है, जो दिसंबर में सामान्य से अधिक ठंड का संकेत है। शीतलहर और कोहरे के कारण सुबह और रात के समय जनजीवन प्रभावित है, विशेषकर ग्रामीण इलाकों में ठंड का प्रभाव अधिक तीव्र है।घने कोहरे के कारण हाईवे पर कई स्थानों पर दृश्यता कम होने के कारण वाहन चालकों को अत्यधिक सावधानी बरतनी पड़ रही है। इसी बीच, गाजीपुर सिटी के महराजगंज कट के पास एक डाक पार्सल वाहन अचानक खराब हो गया। यह वाहन हाईवे पर कई घंटों तक खड़ा रहा, जिससे तेज रफ्तार वाहनों के लिए हादसे की आशंका बढ़ गई। वाहन चालक रवि कुमार ने बताया कि वह वाराणसी से रात करीब डेढ़ बजे निकले थे, लेकिन घने कोहरे के कारण धीमी गति से आने के बाद गाड़ी खराब हो गई। वाहन के बीच हाईवे पर रुकने से बड़े खतरे की स्थिति उत्पन्न हो गई।हालांकि, स्थानीय युवाओं की सूझबूझ से एक बड़ा हादसा टल गया। आसपास से कोई मदद न मिलने पर, कुछ युवाओं ने मिलकर डाक पार्सल वाहन को धक्का देकर हाईवे के किनारे सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया।

## पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती पर सपा ने किया पीडीए कंबल वितरण व नारी सम्मान समारोह का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



गाजीपुर जिले में किसानों के मसीहा के नाम से विख्यात देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर बुधवार को बाघी में सपा द्वारा पीडीए कंबल वितरण व नारी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री व सपा महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव ने चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कहा कि सपा की सरकार बनते ही पात्र महिलाओं को 40 हजार नारी सम्मान के रूप में मिलेंगे। उन्होंने कंबल वितरण व नारी सम्मान समारोह की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन सराहनीय हैं। कहा कि पीडीए की ये भीड़ दशार्ती है कि 2027 में सपा की सरकार बनने जा रही है। कहा कि हमें ऐसे नेताओं की आवश्यकता है, जो लोहिया और नेताजी के आदर्शों व विचारों को जन-जन तक पहुंचाएं। इस दौरान समारोह में सभी में कंबल का वितरण किया गया। सर्दियों में कंबल पाकर उनके चेहरे खिल उठे। इस मौके पर पूर्व विधायक लालता प्रसाद निषाद, जिलाध्यक्ष डॉ गोपाल यादव, रामधारी यादव, तहसीन अहमद, डॉ समीर सिंह, यादव महासभा जिलाध्यक्ष सुजीत यादव, प्रदेश सचिव पुनीता सिंह, पूर्व चेयरमैन सीमा यादव, उपेन्द्र यादव, देवेंद्र यादव, कन्हैया विश्वकर्मा, जोगी यादव, सूरज राम, महेश यादव, पारसनाथ यादव, ओमप्रकाश यादव, आशा यादव, बिंदू बाला बिंद, अरविंद यादव, सुषमा बिंद आदि रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विभा पाल व संचालन रामज्ञान सिंह यादव ने किया।

**विजय हजारे ट्राफी : रोहित की सेंचुरी, वैभव और गनी के तूफान में उड़े रिकॉर्ड, कोहली ने रचा कीर्तिमान**

# क्रिकेट में नया इतिहास : तीन धुरंधर बल्लेबाजों ने 40 से कम गेंदों में लगाई तूफानी सेंचुरी



### कोहली ने सबसे तेज 16 हजार रन बनाकर तोड़ा तेंदुलकर का रिकॉर्ड

बेंगलुरु। विराट कोहली ने लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे कम पारियों में 16 हजार रन पूरे करके दिग्गज सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ दिया। कोहली ने यह उपलब्धि विजय हजारे ट्रॉफी के एक मैच में हासिल की। वह 330 पारियों में इस मुकाम पर पहुंचे जबकि तेंदुलकर ने 391 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी। दिल्ली की तरफ से खेल रहे 37 वर्षीय कोहली ने आंध्र के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी के पहले मैच के

एजेंसी ▶▶ रांची

विजय हजारे ट्राफी में बुधवार को 40 से कम गेंदों में तीन सेंचुरी लगी। प्लेट लीग में बिहार के खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी और कप्तान साकिबुल गनी ने रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया। सूर्यवंशी ने 36 गेंद एवं ईशान किशन ने 33 बॉल और गनी ने 32 गेंद में शतक बनाए। वहीं इस ट्राफी में रोहित शर्मा ने लिस्ट ए में अपने कॅरियर का सबसे तेज शतक लगाया और मुंबई को जीत दिलाई। उन्होंने सिक्किम टीम के खिलाफ तूफानी पारी खेली। विराट कोहली ने कम मैचों में 16 हजार रन पूरे किए और दिग्गज सचिन तंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा।

### बिहार टीम ने बनाया विश्व रिकॉर्ड



रांची। बिहार ने विजय हजारे ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के एक मैच में छह विकेट पर 574 रन बनाए, जो लिस्ट ए में एक पारी में सर्वाधिक स्कोर का नया विश्व रिकॉर्ड है। प्लेट ग्रुप के इस मैच में बिहार के बल्लेबाजों ने अरुणाचल प्रदेश के कमजोर गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। बिहार ने अपनी पारी में 49 चौके और 38 छक्के लगाए।

### गनी ने सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड किया अपने नाम

जेएससीए ओवल ग्राउंड में विजय हजारे ट्रॉफी के अंतर्गत बिहार और अरुणाचल प्रदेश के बीच मुकाबले में बिहार के कप्तान सकिबुल गनी ने लिस्ट ए क्रिकेट का सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। गनी ने विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन का रिकॉर्ड तोड़ा। पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए सकिबुल गनी ने मात्र 32 गेंद पर शतक लगाया। लिस्ट ए क्रिकेट का ये सबसे तेज भारतीय शतक है। सकिबुल गनी ने 40 गेंदों पर 12 छक्कों और 10 चौकों की मदद से नाबाद 128 रन की पारी खेली। कप्तान सकिबुल गनी के अलावा चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए आयुष लोहारुका ने भी शतक लगाया।

### ईशान ने ठोका 33 गेंदों में शतक

ईशान किशन ने बुधवार को विजय हजारे ट्रॉफी में कर्नाटक के खिलाफ 33 गेंदों में शतक ठोक दिया। वह लिस्ट ए फॉर्मेट में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय प्लेयर्स में से एक बन गए हैं। 50 ओवर के फॉर्मेट में अपने टॉप-ऑर्डर रोल से हटकर इशान झारखंड के लिए 38वें ओवर के आखिर में नंबर छह पर बल्लेबाजी करने आए और अहमदाबाद के गुजरात कॉलेज क्रिकेट ग्राउंड बी में एक शानदार शतक बनाया। उन्होंने 14 छक्के लगाए। उनकी पारी से झारखंड ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 412 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। हालांकि इशान सबसे तेज लिस्ट ए सेंचुरी बनाने वाले भारतीय बनने से चूक गए।

**लिस्ट 'ए' में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज**

| बॉल | खिलाड़ी | सन |
|---|---|---|
| 32 | साकीबुल गनी | 2025 |
| 33 | इशान किशन | 2025 |
| 35 | अनमोलप्रीत सिंह | 2024 |
| 36 | वैभव सूर्यवंशी | 2025 |
| 40 | यूसुफ पठान | 2010 |
| 41 | उर्विल पटेल | 2023 |
| 42 | अभिषेक शर्मा | 2021 |

## रोहित की हिटमैन शैली में शतकीय पारी



जयपुर। सात साल बाद विजय हजारे ट्रॉफी खेलने वाले रोहित शर्मा ने बिल्कुल 'हिटमैन' शैली में शतकीय पारी खेलकर गुलाबी शहर के क्रिकेटप्रेमियों के लिये क्रिसमस की पूर्व संध्या पर शानदार तोहफा दिया। इस मुकाबले को देखने के लिये 20 हजार से ज्यादा लोग स्टेडियम में जमा थे और सभी के लिए वजह सिर्फ एक थी ..रोहित शर्मा । रोहित ने अपने कैरियर का 37वां लिस्ट ए शतक जमाते हुए 93 गेंदों में 155 रन बनाए । इस पारी में उनके शानदार पूल, हवाई शॉट्स और स्वीप शॉट देखने को मिले। ऐसा लग रहा था कि लोग अपने पसंदीदा गायक के कन्सर्ट में आए हैं, जो एक के बाद एक हिट गाने सुना रहा है। स्टेडियम से रवाना होने तक रोहित के बल्ले से निकले 18 चौके और नौ छक्के उन्हें संतुष्ट करने के लिए काफी थे।सिक्किम ने सात विकेट पर 236 रन बनाए । रोहित ने सिक्किम के अनुभवहीन गेंदबाजों के सामने 62 गेंद में शतक और 91 गेंद में 150 रन बनाए। वह क्रांति कुमार की गेंद पर विकेट के पीछे कैच देकर लौटे। मुंबई ने सिक्किम को हराया

### वैभव ने 36 गेंद में ठोकी सेंचुरी



रांची। वैभव सूर्यवंशी ने अपने कौशल का अद्भुत नजारा पेश करते हुए बिहार की तरफ से खेलते हुए अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ विजय हजारे प्लेट ग्रुप मैच में 84 गेंदों में 190 रन बनाए, जिसमें 15 छक्के शामिल हैं। इस 14 वर्षीय सलामी बल्लेबाज ने अरुणाचल प्रदेश के कमजोर गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। सूर्यवंशी ने केवल 36 गेंदों में शतक पूरा किया। इस तरह से वह लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे तेज शतक बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों में दूसरे नंबर पर काबिज हो गए हैं। भारतीय रिकॉर्ड पंजाब के अनमोलप्रीत सिंह के नाम है, जिन्होंने 2024 में इसी टीम के खिलाफ 35 गेंदों में शतक बनाया था। सूर्यवंशी ने अपनी पारी में 15 छक्कों के अलावा 16 चौके भी जड़े। इस प्रारुप में सबसे तेज शतक का विश्व रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के जेक फ्रेजर मैकगर्क (29 गेंद) के नाम पर दर्ज है। उन्होंने 2023-24 के सत्र में दक्षिण ऑस्ट्रेलिया की तरफ से खेलते हुए तस्मानिया के खिलाफ यह रिकॉर्ड बनाया था।

## खबर संक्षेप



### विवाह बंधन में बंधी वीनस एंड्रिया प्रेटी से की शादी

**पाम बीच।** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स ने एंड्रिया प्रेटी से शादी कर ली है। वीनस ने सोशल मीडिया पर यह घोषणा की। वीनस और प्रेटी फ्लोरिडा के पाम बीच में सप्ताहांत में पांच दिवसीय समारोह के विवाह बंधन में बंधे। जुलाई में टूर स्तरीय एकल मैच जीतने वाली दूसरी सबसे उम्रदराज महिला खिलाड़ी बनने के बाद 45 वर्षीय वीनस ने डीसी ओपन में स्टैंड में मौजूद अपने मंगेतर का आभार व्यक्त किया था। प्रेटी डेनमार्क में जन्में इतालवी मॉडल और अभिनेता हैं।

### खेल का अत्यधिक विश्लेषण और बदलाव नहीं करें ग्रीन



**मेलबर्न।** दिग्गज खिलाड़ी रिकी पोंटिंग ने ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन को चीजों को सरल बनाए रखने की सलाह देते हुए कहा कि टेस्ट क्रिकेट में सही रणनीति अपनाने के लिए वह अपने खेल का अत्यधिक विश्लेषण या उसमें बदलाव नहीं करें। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान पोंटिंग ने कहा, 'वह अपने खेल के बारे में बहुत ज्यादा सोचते हैं और चीजों में काफी बदलाव करना पसंद करते हैं।' उन्होंने कहा, 'लेकिन अगर मुझे उसे कोई सलाह देनी हो तो वह यही होगी कि चीजों को जितना हो सके उतना सरल बनाए रखें। घरेलू क्रिकेट में अपने अच्छे प्रदर्शन के बारे में सोचें और घरेलू क्रिकेट के अपने अच्छे प्रदर्शन को टेस्ट क्रिकेट में भी दोहराने की कोशिश करें।'

### गुकेश के पास जीत के साथ सत्र का अंत करने का मौका



**दोहा।** इस साल खराब फॉर्म से जूझ रहे विश्व चैंपियन डी गुकेश के पास जीत के साथ अंत करने का सुनहरा मौका है जबकि कोनेरु हम्पी सितारों से सजी विश्व रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप में खिताब बचाने की कोशिश में होंगी। सत्र के आखिरी टूर्नामेंट में पांच बार के विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन, अमेरिका के फेबियानो कारुआना और वेसली सो, रूस के ग्रैंडमास्टर इयान नेपोम्नियाश्चि और भारत के आर प्रज्ञानानंदा, अर्जुन एरिगेसी और निहाल सरीन भी ओपन वर्ग में उतरेंगे। दो साल पहले डिंग लिरेन को हराकर विश्व खिताब जीतने वाले डी गुकेश इस साल अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।

# एशेज श्रृंखला : आर्चर दो मैच से बाहर, इंग्लैंड की बढ़ीं मुश्किलें

एजेंसी ▶▶ मेलबर्न

इंग्लैंड के गेंदबाज जोफ्रा आर्चर मांसपेशियों में खिंचाव के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बाकी बचे दो एशेज टेस्ट मैचों में नहीं खेल पाएंगे। टीम के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इससे इंग्लैंड की मैदान और मैदान से इतर की समस्याएं और बढ़ गई हैं।

इसमें उसके सलामी बल्लेबाज बेन डकेट पर नशे में धुत होकर रास्ता भटकने का आरोप भी शामिल हैं। ती स वर्षीय आर्चर पिछले चार वर्षों से पीठ और दाहिनी कोहनी में स्ट्रेस फ्रेक्चर सहित कई तरह की फिटनेस समस्याओं से जूझ रहे थे। उन्होंने भारत के खिलाफ लंबे समय बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी की और उसके बाद वह शानदार फॉर्म में थे।



### चौथा टेस्ट मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में कल से

इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच चौथा टेस्ट शुक्रवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में शुरू होगा जबकि पांचवां और अंतिम टेस्ट मैच चार जनवरी से सिडनी में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में अभी 3-0 से आगे है और उसने एशेज अपने पास बरकरार रखी है। आर्चर एमसीजी में अभ्यास सत्र के लिए मैदान पर पहुंचे, लेकिन उन्होंने अभ्यास नहीं किया। बाद में टीम के एक प्रवक्ता ने पुष्टि की कि वह दौरे के बाकी बचे दो मैच से बाहर हो गए हैं। आर्चर ने पर्थ, ब्रिस्बेन और एडिलेड में खेले गए मैचों में कुल 80 ओवर गेंदबाजी की थी, जिसमें उन्होंने 27.11 की औसत से नौ विकेट लिए। उन्होंने एडिलेड में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में पहली पारी में 53 रन देकर पांच विकेट लिए और 51 रन बनाए।

### चौथे टेस्ट के लिए किया टीम का ऐलान

इंग्लैंड ने चौथे टेस्ट मैच के लिए अपनी टीम की घोषणा की जिसमें आर्चर की जगह गस एटकिंसन को अंतिम एकादश में शामिल किया गया है। इसके अलावा तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले ओली पोप की जगह जैकब बेथेल को टीम में लिया गया है। पोप का इस श्रृंखला में बल्लेबाजी औसत 20.83 है। डकेट ने श्रृंखला में खराब प्रदर्शन के बावजूद टीम में अपना स्थान बरकरार रखा है। इंग्लैंड टीम में जैक क्रॉली, बेन डकेट, जैकब बेथेल, जो रूट, हैरी ब्रुक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ, विल जैक्स, गस एटकिंसन, ब्रायडन कार्स, जोश टोंग।

**सीनियर बैडमिंटन राष्ट्रीय चैंपियनशिप**

## उन्नति, तन्वी, संस्कार और चौहान ने जीते मुकाबले

विजयवाड़ा। बैडमिंटन खिलाड़ी उन्नति हुड्डा, तन्वी शर्मा, रौनक चौहान और संस्कार सारस्वत ने 87वीं सीनियर राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप में अपने मुकाबले जीत लिए। शीर्ष वरीय उन्नति को पहले दौर में बाई मिली थी, उन्होंने वाइल्डकार्ड से प्रवेश करने वाली आकांक्षा माटे को 21-8, 21-18 से जबकि विश्व जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी ने शाइना मानिमुथु पर 21-10, 21-14 से जीत हासिल की।



संस्कार ने भी पुरुष एकल में शिखर रालन पर 21-11, 21-13 की जीत से अभियान शुरू किया। अनुभवी आकर्षि कश्यप और अस्मिता चालिहा ने भी अगले दौर में जगह बनाई। आकर्षि ने एशियाई अंडर-17 चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता लक्ष्या राजेश को 21-7, 21-9 से जबकि अस्मिता ने काव्या मावानिया को 21-7, 21-11 से मात दी। पूर्वा बारवे (16वीं वरीय) एकमात्र वरीय खिलाड़ी रहीं, जिन्हें राउंड 64 में हार का सामना करना पड़ा। उन्हें एम मेघना रेड्डी से 21-19, 17-21, 18-21 से पराजय मिली।

**आईसीसी रैंकिंग**

## सूर्यकुमार को झटका, टॉप 10 से बाहर, तिलक ने लगाई छलांग

एजेंसी ▶▶ दुबई

आईसीसी की ओर से एक बार फिर से टी20 इंटरनेशनल की रैंकिंग जारी कर दी है। इसमें भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव को बड़ा झटका लगा है। आईसीसी की रैंकिंग में सूर्या लंबे समय बाद टॉप 10 से बाहर हो गए हैं। हालांकि राहत की बात ये है कि तिलक वर्मा ने एक और छलांग मारी है।

### तिलक वर्मा को फायदा

इस बीच भारत के तिलक वर्मा ने छलांग मारी है। अब तिलक वर्मा एक स्थान की उछाल के साथ नंबर तीन पर पहुंचने में कामयाब हो गए हैं। उनकी रेटिंग बढ़कर 805 की हो गई है। इस बीच तिलक वर्मा के आगे जाने से कुछ बल्लेबाजों को नुकसान उठाना पड़ा है। श्रीलंका के पथुम निसंका एक स्थान के नुकसान के साथ अब नंबर 4 पर चले गए हैं, उनकी रेटिंग 779 की है। इंग्लैंड के जॉस बटलर 770 की रेटिंग के साथ नंबर 5 पर अपना कब्जा जमाए हुए हैं।



### सूर्यकुमार 13वें स्थान पर फिसले

इस बीच साउथ अफ्रीका के विस्फोटक बल्लेबाजों में से एक डेवाल्ड ब्रेविस पांच स्थानों की छलांग के साथ सीधे नंबर 10 पर पहुंच गए हैं। उनकी रेटिंग अब 680 की हो गई है। डेवाल्ड पहली बार टॉप 10 में अपनी जगह बनान में कामयाब हुए हैं। बात अगर सूर्यकुमार याद्व की करें तो वे लंबे समय बाद टॉप 10 से बाहर हुए हैं। वे अब सीधे तीन स्थानों के नुकसान के साथ 13वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

## आईएलटी20: पूरन-वसीम की 140 रन की साझेदारी, नॉकआउट में पहुंची एमआई

एजेंसी ▶▶ अबू धाबी

निकोलस पूरन और मोहम्मद वसीम के नाबाद अर्धशतकों की मदद से एमआई एमिरेट्स ने जायद क्रिकेट स्टेडियम में आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में गल्फ जायंट्स पर आठ विकेट से आसान जीत हासिल करके प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली। जायंट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 141 रन बनाए। उसकी तरफ से मोईन अली के 48 गेंदों में सर्वाधिक 51 रन का योगदान दिया।

एमआई एमिरेट्स की तरफ से रोमारियो शेफर्ड और फजलहक फारुकी ने दो-दो विकेट लिए। इसके जवाब में एमआई एमिरेट्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दो रन पर दो विकेट गंवा दिए। पूरन और वसीम ने इसके बाद तीसरे विकेट के लिए 140 रन की अटूट साझेदारी करके अपनी टीम को 21 गेंद से रहते हुए जीत दिलाई। वसीम ने 42 गेंदों में तीन चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 59 रन जबकि पूरन ने 49 गेंदों में छह छक्के और तीन चौकों की मदद से नाबाद



**आईडब्ल्यूएल**

## नीता एफए ने सेसा को हराया प्यारी खाका ने लगाई हैट्रिक



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

प्यारी खाका की हैट्रिक की बदौलत नीता फुटबॉल अकादमी ने सेसा फुटबॉल अकादमी को 6-1 से हराकर 'इंडियन वुमैन्स लीग' (आईडब्ल्यूएल) 2025-26 अभियान में अपनी पहली जीत दर्ज की। खाका शानदार फॉर्म में थीं, उन्होंने क्रिसमस की पूर्व संध्या पर (पहले, 71वें और 74वें मिनट) में हैट्रिक लगाकर अपनी टीम को बड़ी जीत दिलाई। नीता एफए की टोगो की फॉरवर्ड अमीरातौ एनजंबारा (25वें और 60वें मिनट) ने दो गोल किए जबकि मिडफील्डर भूमिका देवी (छठे मिनट) ने एक गोल किया। सेसा की घाना की फॉरवर्ड डायना एंटवी (90+3वें मिनट) ने आखिर में एक गोल किया। नीता एफए के दो मैच में चार अंक हैं और फिलहाल तालिका में शीर्ष पर है जबकि सेसा का खाता अभी तक नहीं खुला है।

**यादें 2025 : बिना हाथ की 18 वर्षीय तीरंदाज ने अपनी दृढ़ता से कायम की मिसाल**

# शीतल का शानदार प्रदर्शन, रिकर्व खिलाड़ियों ने किया निराश

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

जन्म से ही हाथों के बिना जन्मी शीतल देवी ने अपने कौशल का शानदार प्रदर्शन करते हुए वर्ष 2025 में भारतीय तीरंदाजी को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया, लेकिन अगले साल होने वाले एशियाई खेलों से पहले रिकर्व तीरंदाजों का प्रदर्शन चिंताजनक बना हुआ है। जम्मू के किश्तवाड़ की रहने वाली 18 वर्षीय शीतल ने पूरे वर्ष अपने दमदार प्रदर्शन से अपनी दृढ़ता की शानदार मिसाल कायम की।

पेरिस में 2024 में खेले गए पैरालंपिक खेलों की कांस्य पदक विजेता इस 18 वर्षीय खिलाड़ी ने पैरा तीरंदाजी में विश्व चैंपियन बनकर अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की। दक्षिण कोरिया के ग्वांगजू में आयोजित विश्व पैरा तीरंदाजी चैंपियनशिप में शीतल ने महिला कंपाउंड ओपन स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।



### रिकर्व तीरंदाजों के लिए मुश्किल रहा साल

भारत के रिकर्व तीरंदाजों के लिए विश्व स्तर की प्रतियोगिताओं में यह साल काफी मुश्किल रहा। विश्व चैंपियनशिप में भारत कोई भी पदक नहीं जीत पाया, जिससे खिलाड़ियों के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव भी उजागर हुआ।

### कंपाउंड तीरंदाजी को मिली ओलंपिक में मान्यता

इस साल का एक अन्य महत्वपूर्ण घटनाक्रम यह रहा कि दशकों के इंतजार के बाद आखिरकार 2025 में कंपाउंड तीरंदाजी को ओलंपिक में मान्यता मिल गई। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने घोषणा की कि कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा को 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले खेलों के तीरंदाजी कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा। इस स्पर्धा के शामिल होने से ओलंपिक तीरंदाजी में पदक स्पर्धाओं की कुल संख्या छह हो गई है। रिकर्व वर्ग में पहले से ही पांच स्पर्धाएं शामिल हैं। भारत ने अभी तक ओलंपिक तीरंदाजी में पदक नहीं जीता है, लेकिन उसके पास दुनिया की सबसे मजबूत कंपाउंड तीरंदाजी टीम है। ऐसे में यह फैसला उसके लिए बेहद महत्वपूर्ण है। अभिषेक वर्मा, ज्योति सुरेखा वेन्नम, ऋषभ यादव जैसे तीरंदाजों से अगले ओलंपिक खेलों में पदक की उम्मीद की जा सकती है।

### एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप में बेहतरीन प्रदर्शन

ढाका में आयोजित एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप में भारत ने महाद्वीपीय स्तर पर अपना अब तक का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन किया और 10 पदकों (छह स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य) के साथ पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। अंकिता भकत ने महिला रिकर्व व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता, जबकि धीरज बोम्मादेवरा ने पुरुष रिकर्व का खिताब अपने नाम किया। यह पहला अवसर था जबकि भारतीय खिलाड़ियों ने एशियाई चैंपियनशिप में रिकर्व की दोनों व्यक्तिगत स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीता। पुरुषों की रिकर्व टीम ने भी एक रोमांचक शूट ऑफ में कोरिया को हराकर उनके लंबे समय से चले आ रहे वर्चस्व को तोड़ा।

**इंग्लिश लीग कप फुटबॉल**

## आर्सेनल की सेमीफाइनल में एंट्री



एजेंसी ▶▶ लंदन

आर्सेनल ने एक रोमांचक मैच में क्रिस्टल पैलेस को पेनल्टी शूटआउट में 8-7 से हराकर इंग्लिश लीग कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई, जहां उसका सामना चेल्सी से होगा। केपा अरिजाबलागा ने एमिरेट्स स्टेडियम में खेले गए मैच में मैक्सेंस लैक्रोइक्स की पेनल्टी किक को रोककर आर्सेनल की शूटआउट में जीत पक्की की। निर्धारित समय तक यह मैच 1-1 से बराबरी पर था। इससे पहले लैक्रोइक्स ने 80वें मिनट में आत्मघाती गोल किया, जिससे आर्सेनल ने बढ़त हासिल की। मार्क गुएही ने स्टॉपेज टाइम में पैलेस के लिए बराबरी का गोल दागा। दूसरे सेमीफाइनल में मैनचेस्टर सिटी का मुकाबला मौजूदा चैंपियन न्यूकैसल से होगा।

# एसएनटी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ भव्य आयोजन

अमन लेखनी समाचार



महराजगंज जनपद के नगर पंचायत परतावल वार्ड नंबर 6 आजाद नगर में स्थित एस एन टी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में आज विज्ञान प्रदर्शनी मेले का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिथि विधान परिषद सदस्य देवेंद्र प्रताप सिंह एवम विशिष्ट अतिथि भारत सरकार के पूर्व मन्त्री अमर मणि त्रिपाठी रहे मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में बच्चों के भविष्य के विषय पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया साथ में विद्यालय के प्रबंधक/पूर्व जिला पंचायत सदस्य / भाजपा नेता प्रवीण कृष्ण त्रिपाठी को निर्देश भी दिया की आप अपने विद्यालय के कैम्पस को गड्ढा मुक्त करवा ले साथ हीं साथ विद्यालय को हाईटेक बना लें और विद्यालय के मैदान में पीपल, बरगद और नीम का पौधा भी लगाए क्योंकि पीपल ऐसा वृक्ष है जो चौवीस घंटे अक्सीजन देता है। विशिष्ट अतिथि अमरमणि त्रिपाठी ने कहा कि आज इसु मशीह का जन्मदिन के अवसर पर विद्यालय परिवार इस तरह का कार्यक्रम किया इसके लिये विद्यालय प्रवन्धक को धन्यबाद भी दी साथ ही विशिष्ट अतिथि ने कहा कि जब भी प्रवीण जी किसी भी कार्यक्रम में हमे याद करेंगे हम हर समय साथ देने का प्रयास करेंगे और उन्होंने हिदायद भी दी कि हमारे देश के सभी महापुरुषो को पुष्पांजलि करना चाहिये बच्चो को सभी महापुरुषों के विषय मे जानकारी देना चाहिए कार्यक्रम में विद्यालय के नन्हें मुन्ने बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया गया साथ ही साथ बच्चो द्वारा स्टाल भी लगाकर कला का प्रदर्शनी किया गया और अन्त में विद्यालय प्रबंधक के द्वारा बच्चों को पुरस्कार वितरित कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# ठाणे में कांग्रेस को बड़ा झटका




## युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष सहित सैकड़ों कार्यकर्ता राष्ट्रवादी में शामिल

अमन लेखनी समाचार

ठाणे ; ठाणे महानगरपालिका चुनाव की पृष्ठभूमि में कांग्रेस पार्टी को बड़ा झटका लगा है। युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अधिवक्ता आशीष गिरी ने सैकड़ों पदाधिकारी व कार्यकताओं के साथ कांग्रेस छोड़कर उपमुख्यमंत्री अजितदादा पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में सार्वजनिक रूप से प्रवेश किया। यह पक्ष प्रवेश गुरुवार (दि. 25 दिसंबर) को ठाणे स्थित राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष नजीब मुल्ला की प्रमुख उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता, पार्टी पदाधिकारी व युवा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। पक्ष प्रवेश के बाद अधिवक्ता आशीष गिरी ने कहा कि उन्हें कांग्रेस पार्टी से कोई शिकायत नहीं है, लेकिन वर्तमान जिला नेतृत्व के मनमाने कारभार से नाराज होकर यह निर्णय लेना पड़ा। उन्होंने उपमुख्यमंत्री अजितदादा पवार के कार्यों से प्रेरित होकर राष्ट्रवादी में शामिल होने की बात कही। नजीब मुल्ला ने सभी नवप्रवेशित पदाधिकारियों और कार्यकताओं का स्वागत करते हुए कहा कि युवाओं को साथ लेकर ठाणे शहर में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को मजबूत किया जाएगा।

# गगहा थाना क्षेत्र में हत्या के प्रयास के मामले में 04 अभियुक्त गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

### 02 बाल अपचारी हिरासत में, दो चाकू बरामद

गोरखपुर। जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना गगहा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। हत्या के प्रयास के एक गंभीर मामले में पुलिस ने 04 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, जबकि 02 बाल अपचारियों को पुलिस हिरासत में लिया गया है। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 02 अदद चाकू भी बरामद किए गए हैं। थाना गगहा पर पंजीकृत मुकदमा संख्या 701/2025, धारा 191(1), 191(2), 191(3), 109, 190, 126(2), 352, 115(2) बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्तों में सूर्यांश यादव पुत्र राजकुमार यादव निवासी ग्राम धस्का थाना बांसगांव, राज कन्नौजिया पुत्र राजेश निवासी धस्का थाना बांसगांव, अभिनव राय उर्फ गोलू पुत्र अनिल राय निवासी महुज पकड़ी थाना गगहा तथा अंकित यादव पुत्र जनार्दन यादव निवासी ग्राम डाड़िया बुजुर्ग थाना बांसगांव शामिल हैं। इनके साथ 02 नफर बाल अपचारियों को भी पुलिस हिरासत में लिया गया है। पुलिस के अनुसार यह गिरफ्तारी उप निरीक्षक विकास सिंह के नेतृत्व में की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से घटना में प्रयुक्त दो चाकू बरामद हुए हैं। सभी अभियुक्तों के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### घटना का संक्षिप्त विवरण

दिनांक 22 दिसंबर 2025 को अभियुक्तों ने एक राय होकर वादी के भतीजे पर चाकू से हमला कर दिया था, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर थाना गगहा में मुकदमा दर्ज किया गया था। तभी से अभियुक्त फरार चल रहे थे।

### आपराधिक इतिहास

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों में से कुछ के विरुद्ध पूर्व में भी मारपीट, हत्या के प्रयास, पाक्सो एक्ट एवं अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं, जबकि शेष अभियुक्तों के विरुद्ध वर्तमान मुकदमा दर्ज है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जिले में अपराध और अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था मजबूत होने की उम्मीद जताई जा रही है।

खास समाचार

# सुशासन ही विकास का मंत्र - गुलाब सिंह

अमन लेखनी समाचार



शक्तिनगर। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम एवं तृतीय के तत्वाधान में दिनांक 25 दिसंबर 2025 को भारत रत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती एवं सुशासन दिवस के अवसर पर स्वयं सेवकों द्वारा श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में स्वयंसेवकों द्वारा एनटीपीसी परिसर एवं आसपास के स्थानीय बस्तियों में जाकर साफ सफाई का कार्य कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्था के प्रभारी डॉ० प्रदीप कुमार यादव ने स्वयंसेवकों को श्रमदान, समाज सेवा एवं सुशासन के प्रति जागरूक रहने का आवाहन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी गुलाब सिंह ने मालवीय जी एवं अटल जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व से वर्तमान समाज को जुड़े रहने का संकल्प दोहराते हुए कहा कि सुशासन ही विकास का मूल मंत्र है। विशिष्ट अतिथि के रूप में समाज सेवी हरिशंकर गुप्ता ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे सुशासन अभियान पर प्रकाश डाला तथा कहा कि आधुनिक शिक्षा के प्रचार प्रसार में एनटीपीसी का यह परिसर अग्रणी भूमिका निभा रहा है, जिसमें छात्र-छात्राओं को समाज सेवा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान ₹सुशासन एवं विकास₹ विषय पर छात्र-छात्राओं के बीच परिचर्चा का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने अपनी सहभागिता की। अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम अधिकारी डॉ० विनोद कुमार पांडेय ने अंग वस्त्र एवं पुष्प देकर किया। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी डॉ० छोटेलाल प्रसाद ने किया। समारोह में मुख्य रूप से प्रभा सोंधीया, खुशी वर्मा, पूनम, अंजना पूर्ति, ज्योति, शालिनी, सलोनी, आयशा परवीन, विशेष जयसवाल, हिमांशु, आशुतोष उपाध्याय, रोहित, नीरज, पंकज आदि स्वयंसेवकों की भूमिका सराहनीय रही।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को थाना म्योरपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पोक्सो एक्ट के तहत त्वरित कार्रवाई।**



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे प्रभावी अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (आप) त्रिभुवननाथ त्रिपाठी के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश कुमार राय के कुशल निर्देशन में थाना म्योरपुर पुलिस द्वारा महत्वपूर्ण कार्रवाई की गई उक्त क्रम में थाना म्योरपुर पर पंजीकृत मु0सं0अ0-147/2025, धारा 137(2), 64(1) बीएनएस एवं धारा 3/4 पोक्सो एक्ट से संबंधित 01 अभियुक्त को आज दिनांक 25.12.2025 को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय, सोनभद्र के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# अटल बिहारी बाजपेई के जन्म शताब्दी समारोह पर कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम का आयोजन

**लखनऊ में आयोजित प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री जी उ0प्र0 के कार्यक्रम का किया गया सजीव प्रसारण।**

**जनपद स्तरीय भाषण/काव्य पाठ/निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र- छात्राओं को किया गया सम्मानित।**

अमन लेखनी समाचार





सोनभद्र। भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेई जी की जन्म शताब्दी के अवसर पर लखनऊ के राष्ट्र प्रेरणा स्थल, बसंत कुंज योजना सेक्टर-जे में 65 एकड़ में विकसित राष्ट्र प्रेरणा स्थल का लोकार्पण आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा किया गया। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद सोनभद्र के कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। इस अवसर पर राज्य मंत्री समाज कल्याण विभाग संजीव कुमार गोंड, पूर्व सांसद राम सकल, मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, संत कीनाराम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ गोपाल सिंह, जिला पंचायत सदस्य संजीव तिवारी सहित उपस्थित सभी अधिकारियों/कर्मचारियों ने देखा एवं सुना। इस अवसर पर राज्य मंत्री समाज कल्याण विभाग संजीव कुमार गोंड, पूर्व सांसद राम सकल, मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेई जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात सुशासन सप्ताह के अंतर्गत जनपद स्तरीय भाषण/काव्य पाठ/निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र- छात्राओं को सम्मानित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर रोहित कुमार र/० सन्तोष कुमार इ.रू.श्इँ रीे. भाऊराव देवरस राजकीय महाविद्यालय, दुद्धी सोनभद्र को 10 हजार रुपए का पुरस्कार दिया गया। इसी प्रकार से अर्चना कुमारी ऊ/ङ्क राकेश कुमार इ.अ.श्इँ रीे. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ओबरा द्वितीय को 5 हजार, आकांक्षा पाठक र/ङ्क जितेन्द्र पाठक इ.अ.ककक३ँ रीे. राजकीय महिला महाविद्यालय, राबट्र्सगंज तृतीय स्थान प्राप्त किया है को 2 हजार 500 देकर पुरुस्कृत किया गया। इसी प्रकार से एकल काव्य पाठ में श्रेया शुक्ला ऊ/ङ्क राकेश चन्द्र शुक्ला कक३ँ राजा शारदा महेश इण्टर कालेज राबट्र्सगंज प्रथम को 10 हजार, बीनू तिवारी ऊ/ङ्क विनोद कुमार तिवारी इ.रू. श्इँ रीे. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ओबरा द्वितीय को 5 हजार तथा अपर्णा पाण्डेय ऊ/ङ्क बनारसी देव पाण्डेय ट.अ..क२३ रीे. सन्त कीनाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राबट्र्सगंज तृतीय को 2 हजार 500 देकर पुरुस्कृत किया गया। इसी प्रकार से निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रिया शर्मा ऊ/ङ्क सत्यनारायण शर्मा कइँ शिक्षा निकेतन इण्टर कालेज, ओबरा को 5 हजार, द्वितीय स्थान पर आर्यन विश्वकर्मा र/० स्व० रामवृक्ष विश्वकर्मा कक३ँ राजा शारदा महेश इण्टर कालेज, राबट्र्सगंज को 3 हजार तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने पर रिमझिम पाठक ऊ/ङ्क बृजमोहन पाठक कइँ राजा शारदा महेश इण्टर कालेज, राबट्र्सगंज 2 हजार की धनराशि देकर पुरुस्कृत किया गया। इस अवसर पर मंत्री जी ने छात्र-छात्राओं को बधाई व शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। मुख्य विकास अधिकारी ने भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेई जी को नमन करते हुए उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला तथा सभी को उनके व्यक्तित्व से प्रेरणा लेते हुए देश के विकास में अपनी भूमिका निभाने हेतु मार्गदर्शित किया। मुख्य विकास अधिकारी ने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर जिला विद्यालय निरीक्षक जयराम सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनंद पाण्डेय, जिला अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर दिव्यतोष मिश्रा सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

# इंडिपेंडेंट स्कूल्स अलायन्स ने मनाया अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिवस

अमन लेखनी समाचार



महराजगंज जनपद में इंडिपेंडेंट स्कूल्स अलायन्स के पदाधिकारियों द्वारा भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी का जन्मदिवस ए७छ ॲाी८ परिसर में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अटल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके राष्ट्रहित में दिए गए योगदान को स्मरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन के अध्यक्ष दसरथ गुप्ता ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, सुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समर्पित रहा। उनके विचार आज भी समाज और राष्ट्र को मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष आनंद गुप्ता ने कहा कि अटल जी शिक्षा, संस्कृति और भारतीय मूल्यों के प्रबल समर्थक थे। उनके आदर्शों को अपनाकर ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष रत्नेश चंद्र ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी का व्यक्तित्व सरलता, दृढ़ता और राष्ट्रभक्ति का अनुपम उदाहरण था। उनका चिंतन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष रितेश त्रिपाठी ने कहा कि अटल जी के विचार ह्यराष्ट्र प्रथमह्न की भावना को सुदृढ़ करते हैं और हमें ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम में अभिषेक जी भी उपस्थित रहे। सभी उपस्थितजनों ने अटल बिहारी वाजपेयी जी के विचारों को आत्मसात कर शिक्षा और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

# खेल में हार जीत होती रहती है, अन्त तक जो मैदान में खड़ा रहता है, वही अच्छा खिलाड़ी होता है : संजय सिंह श्रीनेत

**जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को राज्य स्तर से अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का अवसर प्राप्त होगा – सांसद पाल**

अमन लेखनी समाचार



सिद्धार्थनगर, सांसद खेल महोत्सव 2025 के समापन कार्यक्रम के अवसर पर जिला स्पोर्टस स्टेडियम में मुख्य अतिथि अध्यक्ष, लोक सेवा आयोग उ0प्र0 संजय सिंह श्रीनेत, सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, पूर्व जिलाधिकारी गोरखपुर ओ0एन0 सिंह, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह एवं सांसद प्रतिनिधि एस0पी0 अग्रवाल, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर गोविन्द माधव की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। प्रधानमंत्री भारत सरकार नरेन्द्र मोदी जी के पोरबन्दर गुजरात से लाइव प्रसारण का कार्यक्रम मुख्य अतिथि अध्यक्ष लोक सेवा आयोग उ0प्र0 संजय सिंह श्रीनेत, सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, पूर्व जिलाधिकारी गोरखपुर ओ0एन0 सिंह, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह एवं सांसद प्रतिनिधि एस0पी0 अग्रवाल, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर गोविन्द माधव की उपस्थिति में देखा गया। प्रधानमंत्री जी द्वारा विभिन्न राज्यों में आयोजित सांसद खेल महोत्सव में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों से संवाद एवं उनका उत्साहवर्धन किया गया। मुख्य अतिथि अध्यक्ष लोक सेवा आयोग उ0प्र0 संजय सिंह श्रीनेत को सांसद द्वारा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। सांसद प्रतिनिधि एस0पी0 अग्रवाल द्वारा पूर्व जिलाधिकारी गोरखपुर, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि अध्यक्ष लोक सेवा आयोग उ0प्र0 संजय सिंह श्रीनेत, सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, पूर्व जिलाधिकारी गोरखपुर ओ0एन0 सिंह, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय उसका बाजार की छात्राओं द्वारा सरस्वती वन्दना एवं स्वागत गीत की प्रस्तुति की गयी। पूर्व माध्यमिक विद्यालय बर्डपुर के बच्चों द्वारा योग का प्रस्तुतिकरण किया गया। मुख्य अतिथि अध्यक्ष लोक सेवा आयोग उ0प्र0 संजय सिंह श्रीनेत ने खेल को प्रोत्साहित करने के प्रधानमंत्री जी के संकल्प एवं सांसद डुमरियागंज के प्रयास की सराहना करते हुए प्रतिभागी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया। उन्होने कहा कि सांसद खुद खेल से जुड़े हैं और ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों के प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के लिए भव्य रूप से सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। उन्होने कहा कि खेल में हार जीत होती रहती है, अन्त तक जो मैदान में खड़ा रहता है, वही अच्छा खिलाड़ी होता है। उन्होंने मिल्का सिंह, नीरज चोपड़ा व डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम का उदाहरण देते हुए कहा कि हमें किसी भी खेल को लक्ष्य बनाकर खेलना चाहिए सफलता अवश्य मिलेगी। जो खिलाड़ी होते हैं वह सुबह 04 बजे उठकर मैदान में पहुंचते हैं, चाहे कितनी भी ठंड क्यों न हो। हमें सांसद, जिलाधिकारी एवं अन्य खिलाड़ियों से सीख लेनी चाहिए। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मंजिले उनको मिलती हैं, जिनके इरादे मजबूत होते है। आप सभी के अन्दर चुनौतियों से लड़ने का जज्बा, लक्ष्य, एकता एवं भाईचारा तथा चरित्र उज्ज्वल होना चाहिए। जिससे आपके अनुशासित खिलाड़ी होने की पहचान होती है। आप सभी अपने अपने खेलों में लक्ष्य बनाकर बेहतर ढंग से प्रदर्शन कर जनपद स्तर से राज्य स्तर एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के खेलों में प्रतिभाग कर जनपद एवं देश का नाम रोशन करें।

# वसई विरार मनपा चुनाव में 115 में से 24 सीटें शिवसेना (शिंदे गुट), 91 सीटों पर बीजेपी लड़ेगी चुनाव

अमन लेखनी समाचार

वसई। वसईझविरार महानगरपालिका चुनाव से पहले भाजपा और शिवसेना (शिंदे गुट) के बीच चला आ रहा सीट बंटवारे का सस्पेंस आखिरकार खत्म हो गया है। लंबी खींचतान, बंद कमरे की बैठकों और शीर्ष स्तर की चचाओं के बाद महायुति में बड़ा फैसला हुआ है। 115 में से 24 सीटें शिवसेना (शिंदे गुट) को देने पर अंतिम मुहर लग गई है। इस ऐलान के साथ ही वसईझविरार की सियासत में नया मोड़ आ गया है। पालघर जिले में हाल ही में हुए नगरपालिका और नगर पंचायत चुनावों में भाजपा और शिंदे गुट की ताकत लगभग बराबर नजर आई। चार नगर परिषदों में से दो पर भाजपा और दो अहम परिषदों पर शिंदे गुट की जीत ने यह साफ कर दिया कि दोनों दल जमीनी स्तर पर मजबूत हैं। इसी शक्ति संतुलन के चलते वसईझविरार मनपा चुनाव में सीट बंटवारा सबसे बड़ा मुद्दा बन गया था। मुंबई महानगर क्षेत्र की महापालिका चुनावों को लेकर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के ठाणे स्थित निवास पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष रवींद्र चव्हाण के साथ करीब पांच घंटे तक चली मैराथन बैठक में सीट बंटवारे पर गहन चर्चा हुई थी। इसके बाद वसईझविरार में महायुति की औपचारिक घोषणा की गई, लेकिन स्थानीय स्तर पर सहमति बनना बाकी था। गुरुवार को नालासोपारा में हुई निर्णायक बैठक में शिवसेना उपनेता रवींद्र फाटक, भाजपा चुनाव प्रभारी विधायक राजन नाइक, विधायक स्नेहा दुबेझपंडित, विलास तरे, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रज्ञा पाटिल, शिवसेना जिला अध्यक्ष नीलेश तेंडोलकर, तालुका प्रमुख सुदेश चौधरी समेत तमाम दिग्गज नेता मौजूद रहे। बैठक के दौरान उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष रवींद्र चव्हाण से फोन पर सीधी बातचीत भी हुई। बैठक के बाद शिवसेना उपनेता रवींद्र फाटक ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि 115 में से 24 सीटों पर शिवसेना (शिंदे गुट) चुनाव लड़ेगी। वहीं, जिन 3 से 4 सीटों को लेकर अभी अड़चन है, उन पर भी जल्द सहमति बना ली जाएगी। फाटक ने यह भी साफ किया कि शुक्रवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी, जिससे चुनावी रणभेरी औपचारिक रूप से बज उठेगी।

### अब चुनावी मैदान में उतरने को तैयार महायुति

सीट बंटवारे का तिढा सुलझते ही भाजपा-शिंदे सेना की महायुति अब पूरी ताकत के साथ चुनावी मैदान में उतरने के लिए तैयार है। वसईझविरार में अब सीधी टक्कर और हाई-वोल्टेज चुनावी माहौल तय माना जा रहा है।

# केदारकांठा शिखर स्वरा पाटिल ने 12 साल की उम्र में फतह किया

अमन लेखनी समाचार



विरार ।वसई की रहने वाली 12 वर्षीय बाल गियारोहक स्वरा दिगंबर पाटिल ने हिमालय में उत्तरकाशी स्थित केदारकांठा शिखर (लगभग 12,500 फीट) को 24 दिसंबर 2025 को सुबह 6 बजे सफलता पूर्वक सर कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कड़े हिमालयी मौसम, बर्फबारी, अत्यधिक ठंड और लंबी पैदल चढ़ाई जैसी चुनौतियों का सामना करते हुए स्वराने यह साहसिक अभियान पूरा किया, जिससे उनके परिवार के साथ-साथ वसई क्षेत्र में भी गर्व और खुशी का माहौल है। इस अभियान के दौरान स्वराने अनुशासन, आत्मविश्वास और साहस का परिचय दिया। प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में तय समयसीमा के भीतर शिखर तक पहुंचना उनकी मेहनत और तैयारी को दशार्ता है। स्थानीय नागरिकों और खेल प्रेमियों ने भी उनकी इस उपलब्धि की सराहना की है। स्वरा का पर्वतारोहण सफर कम उम्र में ही शुरू हो गया था। नौ वर्ष की आयु में उन्होंने माउंट एवरेस्ट बेस कैंप का 14 दिनों का कठिन ट्रेक पूरा किया था। इसके अलावा महाराष्ट्र की कळसुबाई चोटी और हिमालय के सार पास जैसे प्रसिद्ध शिखरों पर भी वह सफल चढ़ाई कर चुकी हैं। स्वरा नियमित व्यायाम और अभ्यास के जरिए खुद को फिट रखती हैं और भविष्य में माउंट एवरेस्ट शिखर फतह करने का लक्ष्य लेकर निरंतर प्रयासरत हैं।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### नेटफ्लिक्स की वॉर्नर ब्रदर्स वाली डील से भारतीय थिएटर्स को झटका



भारत में सिनेमाघरों की दुनिया एक बड़े बदलाव की दहलीज़ पर खड़ी है। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स द्वारा हॉलीवुड की बड़ी कंपनी वॉर्नर ब्रदर्स डिस्कवरी को खरीदने की घोषणा के बाद भारतीय फिल्म जगत में हलचल मच गई है। मल्टीप्लेक्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एमएआई) ने इस प्रस्तावित सौदे पर गंभीर आपत्तियां जताते हुए कहा है कि यह भारत की थिएटर आधारित फिल्म अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचा सकता है।

मल्टीप्लेक्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया का कहना है कि अगर एक ऐसा डिजिटल मंच, जो पहले ही सिनेमाघरों में फिल्में दिखाने को प्राथमिकता नहीं देता, दुनिया के सबसे बड़े फिल्म स्टूडियो में से एक को खरीद लेता है, तो सिनेमाघरों में मिलने वाली उच्च स्तर की फिल्मों की संख्या घट सकती है। संभावना यह है कि भारी बजट की अंतरराष्ट्रीय फिल्में सीधे इंटरनेट मंचों पर ही जारी हों और सिनेमाघरों को उनका परंपरागत प्रदर्शन समय ही न मिले। इसका प्रभाव टिकट बिक्री, फिल्म की उपलब्धता और संपूर्ण सिनेमा प्रणाली पर पड़ेगा। वॉर्नर ब्रदर्स लंबे समय से भारतीय सिनेमाघरों के लिए एक भरोसेमंद सहयोगी रहा है, जो लगातार बड़ी अंतरराष्ट्रीय और स्थानीय फिल्मों को थिएटर में जारी करता आया है। अगर नेटफ्लिक्स इस स्टूडियो का मालिक बन जाता है तो माना जा रहा है कि फिल्म जारी करने की नीति बदल जाएगी और इंटरनेट-प्रथम मॉडल को बढ़ावा मिलेगा। एमएआई का कहना है कि इससे भारत में लाखों लोगों की आजीविका प्रभावित हो सकती है।

## टॉलीवुड

### दुलकर ने अमल के साथ 14 साल पूरे होने का मनाया जश्न



अभिनेता दुलकर सलमान ने अपनी पत्नी अमल सूफिया के साथ शादी के 14 साल पूरे होने का जश्न मनाया। दुलकर ने पत्नी के साथ कई प्यारी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं और एक प्यारा नोट भी लिखा। दुलकर सलमान ने 22 दिसंबर 2011 को अमल सूफिया से शादी की थी। इस जोड़े की एक बेटी है, जिसका नाम मरियम है। आज दुलकर सलमान ने अपनी पत्नी अमल के साथ 14 साल की शादी की सालगिरह का जश्न मनाया। आज दुलकर ने पत्नी के साथ कई प्यारी तस्वीरें सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर कीं और साथ ही एक दिल छू लेने वाला नोट लिखा। दुलकर ने आज इंस्टाग्राम पर पत्नी के साथ कई रोमांटिक और प्यारी तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ दुलकर ने एक भावुक पोस्ट लिखी। इसमें उन्होंने अपने रिश्ते के बदलावों का जिक्र किया। उन्होंने शादी के दिन को याद करते हुए लिखा कि वे दोनों अलग-अलग परिवारों से आए दो अलग लोग थे। नए-नए शादीशुदा, एक स्टेज पर साथ खड़े थे। घबराए हुए, उम्मीद से भरे और भविष्य को लेकर उत्साहित। आज उन्होंने साथ मिलकर एक सुंदर घर और जिंदगी बनाई है, वो भी अपने सबसे बड़े आशीर्वाद (बेटी) के साथ। अब वे अपने करियर और घर दोनों में अपने व्यक्तिगत और साझा सपनों को पूरा कर रहे हैं। दुलकर ने लिखा कि वे अमल के जीवनसाथी होने पर बहुत शुक्रगुजार, खुश और गर्व महसूस करते हैं। दुनिया भी मानती है कि अमल हमेशा बेहतर पार्टनर हैं। दुलकर ने पत्नी अमल के लिए लिखा, '14वीं सालगिरह मुबारक हो मेरी जान। मैं तुमसे बहुत प्यार करता हूं।' दुलकर की इस पोस्ट पर फैंस ने ढेर सारी बधाइयां दीं। दुलकर सलमान और अमल अपना रिश्ता ज्यादातर निजी रखते हैं।

## छॉलीवुड

### 'धनेश की आराधना' आज होगी रिलीज दर्शकों का प्यार मिलने की उम्मीद




एमए प्रीवियस की सफलता के बाद अरण्य सिनेमा की अगली प्रस्तुति 'धनेश की आराधना' 25 दिसंबर को रिलीज होने जा रही है। इससे पूर्व अरण्य सिनेमा के निर्माता राज वर्मा छत्तीसगढ़ी फिल्मों में अभिनेता, निर्माता, निर्देशक एवं लेखक के तौर पर 5 फिल्मों का निर्माण कर चुके हैं जिसमें फिल्म तरी हरी नाना, मनमोहिनी, बी.ए. फाइनल ईयर, दूल्हा राजा, एम ए प्रीवियस शामिल हैं। फिल्म - ₹ धनेश के आराधना ₹ के निर्माता राज वर्मा एवं लेखक व निर्देशक प्रणव झा हैं। इस फिल्म में मुख्य भूमिका के तौर पर पर्दे पर पहली बार आ रहे इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर धनेश साहू है। जिनके इंस्टाग्राम में 10 लाख से भी अधिक फॉलोअर हैं। वे हास्य वीडियो बनाते हैं इन्हें पहली बार बड़े पर्दे में मुख्य भूमिका में पहली बार काम करने का अवसर मिला है। फिल्म की अभिनेत्री आराधना साहू है जिन्हें फिल्म के निर्माता राज वर्मा ने एम.ए. प्रीवियस में इंट्रोड्यूस किया था। यह उनकी दूसरी फिल्म है, साथ ही इस फिल्म में इंस्टाग्राम में फेमस टीम में से काका का किरदार निभाने वाले एवं सेवक का किरदार निभाने वाले कलाकार के साथ छत्तीसगढ़ी और भोजपुरी के स्थापित अभिनेता शमशीर सीवानी भी फिल्म में बेहतरीन कैरेक्टर में नजर आएंगे। सीवानी अपने अब तक के करियर में पहली बार नेगेटिव किरदार में नजर आएंगे। वहीं साथी कलाकार के रूप में दादू साहू, धर्मेंद्र चौबे, कुबेर नेताम, जयंती मनहर, संगीता निषाद, राजेश बाघमारे, पूनम गोस्वामी, मंदिरा नायक, दीपाली पांडे इत्यादि कलाकार नज़र आएँगे।




इस साल, लागोस के विक्टोरिया आइलैंड के बालमोरल कन्वेंशन सेंटर में हुए फैशन फाइनेस्ट एपिक शो के 5वें एडिशन की थीम "भविष्य के लिए फैशन" रखी गई थी। फैशन्स फाइनेस्ट अफ्रीका एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जो अफ्रीका में फैशन इंडस्ट्री के सबसे अच्छे टैलेंट को अपनी कला, क्रिएटिविटी और खासियत दिखाने के लिए इकट्ठा करता है। फैशन्स फाइनेस्ट अफ्रीका की चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, सोला ओयेबडे ने कहा, फैशन्स फाइनेस्ट अफ्रीका में हम जिन चीज़ों पर बहुत ध्यान देते हैं, उनमें से एक नए और उभरते हुए डिज़ाइनरों को प्रमोट करना है।

## बिना डाई के ऐसे काले करें अपने बाल, कम उम्र के लोगों के काम आएंगे ये घरेलू नुस्खे



आजकल की बिगड़ी हुई लाइफस्टाइल और खराब खान-पान का सीधा असर लोगों के स्वास्थ पर पड़ने लगा है। खासतौर पर प्रदूषण की वजह से बाल काफी कमजोर होते जा रहे हैं। ऐसे में बालों का ध्यान रखना बेहद जरूरी हो जाता है। कई बार तो बालों का ध्यान रखने के बावजूद बहुत से युवा कम उम्र में ही बालों के सफेद होने से परेशान रहते हैं। ऐसे में यहां हम आपको कुछ ऐसी प्राकृतिक चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके इस्तेमाल से आपके बाल अपने आप काले होने लगेंगे। हालांकि इन चीजों के इस्तेमाल से बाल पूरी तरह से काले नहीं होते, लेकिन हां थोड़ा-बहुत इनका असर जरूर दिखता है।

यदि आप हमारे बताए गए उपायों को फॉलो करने का सोच रहे हैं, तो एक बार पैच टेस्ट अवश्य करें, ताकि किसी तरह की एलर्जी की संभावना नहीं रहे।

### आंवला इस्तेमाल करें

आंवला में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो बालों को न सिर्फ काला करते हैं, बल्कि उन्हें आंतरिक रूप से मजबूत भी बनाते हैं। ऐसे में चाहें तो आंवले के तेल से बालों की नियमित मालिश करें। इसके अलावा आप आंवला पाउडर को पानी में उबालकर पेस्ट बना लें और इसे बालों में लगाएं। इसके इस्तेमाल से भी बाल काले हो सकते हैं।

### करी पत्ता और नारियल तेल

करी पत्ते में पाए जाने वाले तत्व आपके बालों को मजबूत बनाने और काला करने में मदद करेंगे। करी पत्तों को नारियल तेल में उबालकर ठंडा करें। इस तेल से हफ्ते में 2-3 बार मालिश करें। इसका असर भी आपको कुछ दिनों में दिखने लगेगा।

### भृंगराज तेल

भृंगराज को केश राजा कहा जाता है। ऐसे में भृंगराज तेल से सिर की मालिश करें। आप भृंगराज पाउडर को पानी में मिलाकर मास्क के रूप में भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे भी आपके बाल प्राकृतिक रूप से काले हो जाएंगे।

## लाख रुपए से ज्यादा की होती है कुछ साड़ियां, अनमोल है महिलाओं की शोभा





हर भारतीय महिला के लिए साड़ी काफी खास परिधान होता है। इसे वो शादी-विवाह से लेकर पार्टियों में भी कैरी करना पसंद करती हैं। आजकल तो समय ऐसा है कि जो विदेशी महिलाएं भारत घूमने आती हैं, वो भी साड़ी ही पहनना पसंद करती हैं। लोगों को लगता है कि साड़ी काफी सस्ती आती हैं, जबकि ऐसा नहीं है। भारत में कई इस तरह की साड़िया भी बनती हैं, जो लाखों रुपये की आती हैं।

साड़ियों को विदेशों में भी प्रचलित करने के लिए 21 दिसंबर को साड़ी डे मनाया गया है। आपको भी भारत में मिलने वाली सबसे महंगी साड़ियों के बारे में जानना चाहिए। ये सभी साड़ियां अपने जटिल काम की वजह से काफी महंगी आती हैं और इनपर काम काफी महीन होता है।



### कांचीपुरम सिल्क साड़ी

कांचीपुरम की ये साड़ियां मूलरूप से तमिलनाडु में बनाई जाती हैं और इनमें असली सोने व चांदी की जरी का उपयोग होता है। इनकी गुणवत्ता और बुनाई कला इन्हें खास बनाती है। कीमत की बात करें तो कांचीपुरम सिल्क की कीमत साड़ी 1 लाख से 40 लाख रुपये तक की होती है। इसकी कीमत इसके जरी के काम पर निर्भर करती है।


### बनारसी सिल्क साड़ी

उत्तर प्रदेश के वाराणसी की यह साड़ियां जटिल जरी वर्क और रिच सिल्क से बनी होती हैं। यह शादी और विशेष अवसरों पर पहनी जाती हैं। खासतौर पर बनारसी सिल्क की साड़ियां नई दुल्हनों को चढ़ाई जाती हैं। इन साड़ियों की कीमत 5,000 से 10 लाख तक होती है। बनारसी सिल्क की साड़ी देखने में काफी कमाल की होती है।

### पाटन पटोला

गुजरात की यह साड़ियां डबल-इकट तकनीक से बनाई जाती हैं। यह साड़ी अपनी जटिल बुनाई, शानदार डिजाइन, और समृद्ध सांस्कृतिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है।

## सर्दियों में चाहिए दमकती त्वचा तो ये स्किन केयर रूटीन अपनाएं



बहुत से लोग स्किन केयर रूटीन फॉलो करने के लिए महंगे-महंगे प्रोडक्ट्स लाते हैं, जबकि आप साधारण तरह से भी अपनी त्वचा का ध्यान रख सकते हैं। इससे आपके पैसे भी बच जाएंगे, साथ ही में आपका चेहरा भी चमकेगा। तो चलिए आपको बिना देर किए आपको सर्दियों में स्किन केयर रूटीन करने का सही तरीका बताते हैं, ताकि आप भी इसका फायदा ले सकें।

### क्लींजर है जरूरी

सर्दियों में चेहरे को साफ रखना बेहद जरूरी है। इसके लिए हमेशा ऐसा क्लींजर चुनें जो त्वचा से नमी को हटाए बिना गंदगी को साफ करे। चेहरा साफ करने के लिए गर्म पानी के इस्तेमाल से बचें। ज्यादा गर्म पानी से त्वचा शुष्क हो सकती है, इसलिए गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें।


### मॉइश्चराइजर जरूर लगाएं

त्वचा पर अगर सही मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल न किया जाए तो त्वचा रूखी होने लगती है, क्योंकि सर्दियों में त्वचा को अधिक हाइड्रेशन की आवश्यकता होती है। हाइलूरोनिक एसिड, शीया बटर, और ग्लिसरीन वाले मॉइश्चराइजर अच्छे विकल्प हैं।

### एक्सफोलिएट करें

त्वचा की डेड स्किन को हटाने के लिए हल्के एक्सफोलिएटर का उपयोग करें। बस ध्यान रखें कि ये स्क्रब या एक्सफोलिएटर आपकी त्वचा के हिसाब से होना चाहिए। बस ध्यान रखें कि बार-बार एक्सफोलिएशन त्वचा को और शुष्क कर सकता है।

## चेहरे पर कोल्ड क्रीम लगाने का सही तरीका जरूर जानिए, मिलेगी तारीफ



सर्दी के मौसम में हर कोई त्वचा का रूखेपन से परेशान रहता है। इस रूखेपन को दूर करने के लिए लोग कई तरह के बॉडी लोशन और कोल्ड क्रीम का इस्तेमाल करते हैं। बाजारों में आजकल हर स्किन टाइप के हिसाब से क्रीम मिल जाती है, जो त्वचा संबंधी कई परेशानियों को दूर करती हैं। पर, कई बार ये देखने को मिलता है कि बॉडी लोशन और कोल्ड क्रीम भी त्वचा के रूखेपन को दूर नहीं कर पाते। ये आपकी लापरवाही की वजह से हो सकता है।

### चेहरा साफ करें

कोल्ड क्रीम या फिर कोई सी भी क्रीम लगाने के पहले अपने चेहरे को हल्के गुनगुने पानी और माइल्ड फेसवॉश से धो लें। चेहरे को धोने के बाद इसे पूरी तरह से सुखा जरूर लें, ताकि क्रीम चेहरे पर सही से सेट हो जाए।

### डॉट्स में लगाएं

अक्सर लोग क्रीम को सीधा हाथ में लेते हैं और उसे चेहरे पर रगड़ लेते हैं, जबकि ऐसा नहीं करना चाहिए। क्रीम को हमेशा चेहरे पर डॉट्स की तरह माथे, नाक, गाल, और ठुड्डी पर लगाएं। फिर इसे हल्के हाथ से रब करें।

### सर्कुलर मोशन में मसाज करें

क्रीम को अपनी उंगलियों पर लेकर चेहरे की सर्कुलर मोशन में हल्के हाथों से मसाज करें। आंखों के आसपास क्रीम लगाते समय ध्यान रखें कि क्रीम आंखों के अंदर न जाए, वरना आपको परेशानी हो सकती है।

### रात को लगाएं

यदि आप चाहते हैं कि क्रीम का असर चेहरे पर जल्दी हो तो कोल्ड क्रीम को नाइट क्रीम के रूप में इस्तेमाल करना बेहतर है। इसे लगाने के बाद त्वचा हाइड्रेटेड और मुलायम रहती है।

कार्नर न्यूज

खास मौके के लिए खुद को करें बेहतरीन ढंग से स्टाइल

## 31 दिसंबर की पार्टी के लिए पहनें ऐसे कपड़े कड़ाके की ठंड में मिलेगा आकर्षक स्टाइल






नए साल के स्वागत के लिए लोग 31 दिसंबर को रात पार्टी करते हैं। दिसंबर और जनवरी कड़ाके की ठंड का समय है। इस दौरान बेहद सर्द हवाएं चलती हैं। अब अगर इतनी सर्दी में घर से बाहर पार्टी करने जा रहे हैं तो ठंड से बचाव भी जरूरी है ताकि स्वास्थ्य पर असर न पड़े। इसके लिए सर्दियों वाले कपड़े, जैसे स्वेटर, कोट, जैकेट आदि पहनकर ही घर से निकल सकते हैं। लेकिन ये आपका लुक खराब कर देंगे। पार्टी में स्टाइलिश लुक चाहिए और सर्दी से बचना भी है तो कुछ ऐसे फैशन हैक्स हैं जो काम आ सकते हैं। 31 दिसंबर की रात नए साल की पार्टी में शामिल हो रहे हैं तो खुद को इस तरह से लड़कियां स्टाइल कर सकती हैं और सर्दी से भी बच सकती हैं।

### लेदर ट्राउजर

ब्लैक लेदर ट्राउजर सर्दियों में पार्टी के लिए ग्लैमरस आउटफिट में गिनी जा सकती है। इस तरह की पैंट या ट्राउजर के साथ आप ऑफ शोल्डर वूलन टॉप, शिमर शॉर्ट ब्लेजर, डीप नेकलाइन कोट या वुलन पुलओवर पहन सकती हैं। ये स्टाइलिश भी लगता है और सर्दी में आपके शरीर को गर्माहट भी देता है।

### सर्दियों की पार्टी के लिए स्कर्ट

मिनी स्कर्ट के साथ लैदर जैकेट आपको बोल्ड लुक दे सकता है। अगर आप मिनी स्कर्ट पहन रही हैं तो लॉन्ग नी लेंथ बूट्स से खुद को स्टाइल करें। सर्दी से बचने के लिए हिक टाइट या लेगिंग पहन सकती हैं। इसके अलावा नी लेंथ टेनिम स्कर्ट के साथ स्टाइलिश वुलन टॉप, पुलओवर पहन सकती हैं। इस तरह के आउटफिट में स्कार्फ या मफलर को जोड़ा जा सकता है। बूट या शूज पहन सकती हैं।